दैनिक देवव्रत
Dainik DEVVRAT
www.dainikdevvrat.in
आजमगढ़, उ.प्र.
वर्ष 36, अंक 258
पृष्ठ 08, मूल्य 3.00
16 जून 2026, मंगलवार
लखनऊ, नई दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र (राबर्ट्सगंज, अनपरा, शक्तिनगर), सिंगरौली, मिर्जापुर, अयोध्या, गोरखपुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर एवं आजमगढ़ से प्रसारित
E-mail : dainikdevvrat@gmail.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


## कर्नाटक के गृहमंत्री प्रियांक खड़गे ने मोहन भागवत को लिखा खत

# RSS के रजिस्ट्रेशन, कानूनी दर्जे और फंडिंग का दें हिसाब

**नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** आरएसएस के रजिस्ट्रेशन, कानूनी दर्जे और फंडिंग जैसी डिटेल को लेकर जो सवाल काफी पहले से उठते रहे हैं उसको लेकर कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने अब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिख डाला है। इसमें उन्होंने संगठन से अपने कानूनी दर्जे, रजिस्ट्रेशन, फंडिंग के स्रोत और खर्च का पूरा ब्योरा देने को कहा है। प्रियांक खड़गे ने लिखा है कि आरएसएस बहुत बड़ा संगठन है। इसकी 60 हज़ार से ज्यादा शाखाएं चल रही हैं। इतना बड़ा संगठन कानून से ऊपर नहीं रह सकता।

प्रियांक खड़गे ने 2025–26 के अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा यानी एबीपीएस रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कर्नाटक में 4127 रोजाना शाखाएं, 1389 साप्ताहिक मिलन, 60 मासिक मंडलियां, 2194 समाजोत्सव (19.6 लाख लोग शामिल), 562 रूट मार्च (2.21 लाख से ज्यादा वर्दीधारी स्वयंसेवक) होते हैं। उन्होंने कहा, श्इन सभी आंकड़ों को मिलाकर देखें तो पता चलता है कि कर्नाटक में एक बहुत बड़ा और गहराई तक फैला हुआ नेटवर्क काम कर रहा है। यह नेटवर्क रोज़ाना कैडर बनाने, हर हफ़्ते और महीने लोगों तक पहुँचने, बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों और वर्दी पहनकर रूट मार्च करने जैसे काम करता है।

प्रियांक ने कहा, संगठन की इतनी बड़ी मौजूदगी, खासकर जब इसमें नियमित रूप से लोगों को इकट्ठा करना, वर्दी पहनकर रूट मार्च करना और बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुँचना शामिल हो, इसे कोई निजी या अनौपचारिक व्यवस्था नहीं माना जा सकता। इससे कानूनी स्थिति, जवाबदेही, वित्तीय पारदर्शिता, कानून–व्यवस्था, मंजूरी, फंडिंग के स्रोत और भारत के संविधान व कानूनों का पालन करने जैसे वाजिब सवाल उठते हैं।

उन्होंने कहा, संविधान वाले लोकतंत्र में कोई भी संगठन, चाहे कितना भी पुराना या बड़ा हो, जांच से ऊपर नहीं हो सकता। आरएसएस राष्ट्रवाद, अनुशासन और कर्तव्य की बात करता है तो उसे खुद इन मूल्यों को दिखाना चाहिए। प्रियांक खड़गे ने कहा कि आरएसएस को अपने शताब्दी वर्ष में सिर्फ जश्न नहीं मनाना चाहिए, बल्कि संवैधानिक जवाबदेही भी दिखानी चाहिए।

खड़गे ने आरएसएस से ये मुख्य सवाल पूछे हैं– आरएसएस का कानूनी दर्जा क्या है? यह सोसाइटी, ट्रस्ट, एनजीओ या किसी और रूप में रजिस्टर्ड क्यों नहीं है? संगठन के पदाधिकारियों के नाम और अधिकृत प्रतिनिधि कौन हैं? चंदा, दान और आय के स्रोत क्या हैं? खर्च और संपत्ति का पूरा ब्योरा क्या है? क्या लागू टैक्स का भुगतान किया जा रहा है? बिना रजिस्ट्रेशन के इतने बड़े स्तर पर गतिविधियां कैसे चलाई जा रही हैं? रूट मार्च, सामूहिक कार्यक्रम और जन–संगठन के लिए अनुमति कैसे ली जाती है?प्रियांक ने आगे कहा, हम आरएसएस से आग्रह करते हैं कि वह अपने अधिकृत पदाधिकारियों को भेजे ताकि वे उन क़ानूनी आधारों को समझा सकें, जिनके तहत इतने बड़े पैमाने का संगठन बिना किसी औपचारिक क़ानूनी पहचान या लागू क़ानूनों के तहत व्यक्तियों के समूहश के तौर पर पंजीकृत हुए बिना, गुमनाम रहकर काम करता आ रहा है।




प्रियांक ने कहा, हम आरएसएस से अपील करते हैं कि वह अपनी शताब्दी के मौके का इस्तेमाल सिर्फ़ जश्न मनाने के लिए नहीं, बल्कि संवैधानिक आत्म–मंथन के लिए करे। भारत को 100वें साल में दिया जा सकने वाला सबसे अच्छा योगदान यही होगा कि वह खुद को पंजीकृत कराए, अपनी गतिविधियों और आर्थिक जानकारी का खुलासा करे, सभी लागू करों का भुगतान करे और भारतीय कानून के दायरे में रहकर एक पारदर्शी और जवाबदेह संगठन के तौर पर काम करे।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया। केरल में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, आरएसएस को रजिस्ट्रेशन की ज़रूरत नहीं है क्योंकि यह सरकार से कोई फंड नहीं लेता। पिछले 100 साल से संगठन बिना रजिस्ट्रेशन के काम कर रहा है। पहले किसी ने भी यह सवाल नहीं उठाया। हिंदू धर्म भी रजिस्टर्ड नहीं है। कई अन्य संस्थाएं भी बिना रजिस्ट्रेशन के काम करती हैं। जो संगठन सरकारी फंड लेते हैं, उन्हें रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है। हम नहीं लेते। 100 साल से ज़्यादा समय में किसी ने हमसे नहीं कहा कि हमें रजिस्टर्ड होना ही होगा। भागवत ने प्रियांक के सवालों को राजनीतिक हथकंडा बताया और कहा कि लोगों के मन में भ्रम पैदा करने की कोशिश की जा रही है। भागवत ने दावा किया कि 1960 के दशक में संघ ने अपना लिखित संविधान सरकार को सौंपा था और सरकार ने इसे स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा, यह राजनीति है। तरह–तरह के हथकंडे आजमाए जा रहे हैं। हम ऐसे चुनौतियों के आदी हैं।

## गांधीजी की हत्या के बाद सरदार पटेल ने पहली बार RSS पर लगाया था प्रतिबंध

**नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अब तक कुल तीन बार प्रतिबंध लगाया गया है। 1. पहला प्रतिबंध (1948)–4 फरवरी 1948 को महात्मा गांधी की हत्या के बाद तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने संघ पर प्रतिबंध लगाया था। गांधी हत्याकांड से सीधा संबंध न पाए जाने और संघ द्वारा लिखित रूप से संविधान मानने व राजनीति से दूर रहने की शर्त पर यह बैन 12 जुलाई 1949 को हटा लिया गया था। 2. दूसरा प्रतिबंध (1975)– तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल (Emergency) के दौरान, 4 जुलाई 1975 को आरएसएस पर दोबारा प्रतिबंध लगा दिया गया था। आपातकाल की समाप्ति के बाद मार्च 1977 में इस प्रतिबंध को वापस ले लिया गया। 3. तीसरा प्रतिबंध (1992) अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद, 10 दिसंबर 1992 को केंद्र की नरसिम्हा राव सरकार ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था। बाद में ट्रिब्यूनल के फैसले के आधार पर इसे 1993 में हटा लिया गया था। सरदार पटेल ने RSS को किया था बैन, कहा था इनकी गतिविधियां देश के लिए खतरा है। संघ पर प्रतिबंध महात्मा गांधी की हत्या के बाद तो ये मौका भी आया था कि पटेल ने 4 फरवरी 1948 को आरएसएस पर प्रतिंबध लगा दिया था। उस वक्त वो देश के गृह मंत्री थे।



# राम मंदिर दान चोरी का मामला : अयोध्या पहुंची SIT

**अयोध्या, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की दान पेटिका से जुड़ी कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) सोमवार दोपहर करीब 2.50 बजे अयोध्या पहुंचा। टीम ने पहुंचते ही मामले से जुड़े दस्तावेजों, अभिलेखों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी। शासन की ओर से एसआईटी को सात दिन में प्रारंभिक रिपोर्ट और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में अब पूरी रामनगरी की निगाहें इस जांच पर टिक गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से गठित एसआईटी के अयोध्या पहुंचने के बाद मंदिर परिसर से लेकर संत–महंतों के आश्रमों और श्रद्धालुओं के बीच एक ही चर्चा है कि जांच में क्या सामने आएगा और दोषियों पर क्या कार्रवाई होगी। हालांकि, पूरे घटनाक्रम के बीच अधिकतर लोगों का मानना है कि यह मामला मंदिर की आस्था का नहीं, बल्कि व्यवस्था की पारदर्शिता का है। राम मंदिर देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ऐसे में इस जांच को केवल एक वित्तीय अनियमितता की जांच नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के विश्वास को और मजबूत करने की प्रक्रिया के रूप में भी देखा जा रहा है। अयोध्या में फिलहाल माहौल शांत है, लेकिन हर किसी को एसआईटी की रिपोर्ट का इंतजार है।



## प्रदर्शन कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी के नेता अभिजीत दीपके को मारा थप्पड़, युवक हिरासत में

**जयपुर, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके के साथ जयपुर में प्रदर्शन के दौरान धक्का–मुक्की और हंगामे की घटना सामने आई है। सोमवार को शहीद स्मारक पर आयोजित विरोध–प्रदर्शन के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने अभिजीत दीपके को थप्पड़ मार दिए। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया, जिसके बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया। प्रदर्शन के दौरान हुए विवाद और थप्पड़ मारने की घटना के बाद कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से NEET पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, बेरोजगारी और अन्य छात्र–युवा मुद्दों को लेकर प्रदर्शन आयोजित किया गया था। प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई।



## ममता बनर्जी के घर के बाहर कुणाल घोष पर अंडों से हमला

**कोलकाता, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।**



पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हार और फिर सांसदों–विधायकों की बगावत से जूझ रही ममता बनर्जी के नेताओं को एग अटैक का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को बंगाल के चीफ प्रवक्ता और विधायक कुणाल घोष के ऊपर एक युवक ने अंडों से हमला किया। कुणाल घोष ममता बनर्जी के घर के बाहर मीडिया से बात कर रहे थे, तभी उनके हमला हुआ। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हुई है। पहली बार ऐसा है कि अभिषेक बनर्जी पर हमले के बाद पार्टी के किसी बड़े नेता पर हमला किया है। कुणाल घोष को अंडा मारने वाले ने खुद के स्थानीय होने का हवाल दिया है। उसने कैमरे पर अपना नाम चंदन बताया। सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि जिस युवक ने कुणाल घोष पर अंडों से हमला किया है। उसका जुड़ाव बीजेपी से है। युवक हाथ में अंडे लेकर पहुंचा था। उसने मीडिया को बाइट दे रहे कुणाल घोष के ऊपर अंडों से हमला किया। एक अंडा कुणाल घोष के सिर में लगा।

ममता बनर्जी कोलकाता में कालीघाट इलाके में कालीघाट इलाके में 30ठ, हरीश चटर्जी स्ट्रीट पर रहती हैं। यह उनका पैतृक घर है। 30B, हरीश चटर्जी स्ट्रीट में स्थित अपने पैतृक घर में रहती हैं। यह उनका बहुत ही साधारण और पारंपरिक पारिवारिक घर है, जहां वे काफी लंबे समय से रह रही हैं। वहां पर मौजूद मीडियाकर्मी ने रोकने की कोशिश की लेकिन कुणाल घोष अंडे के हमले से नहीं बच पाए। आखिर में वह ममता बनर्जी के घर के अंदर चले गए।

# भाजपा की राम मंदिर चढ़ावे में चोरी, जमीन घोटाले और नफरत की राजनीति से जनता त्रस्त-अखिलेश

**लखनऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में जमीन घोटालों, भ्रष्टाचार, राम मंदिर चढ़ावे में कथित गड़बड़ियों और नकारात्मक राजनीति ने भाजपा की असलियत उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है और यदि जनता ने समय रहते उसे नहीं रोका तो 2027 का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र का अंतिम चुनाव साबित हो सकता है।

सोमवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का पूरा शासनकाल घोटालों, लूट और जनता को गुमराह करने की राजनीति का पर्याय बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ राम मंदिर के नाम पर आस्था की राजनीति की गई, दूसरी तरफ मंदिर से जुड़े मामलों में चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। वहीं प्रदेश में जमीनों पर अवैध कब्जों और भू–माफियाओं को सरकारी संरक्षण देकर भाजपा ने भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए लगातार साम्प्रदायिक और नकारात्मक राजनीति कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, बिजली संकट और कानून व्यवस्था की विफलता पर जवाब देने के बजाय भाजपा समाज को बांटने का काम कर रही है। जनता अब समझ चुकी है कि भाजपा विकास नहीं, बल्कि विभाजन की राजनीति करती है।



अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भूमाफियाओं का बोलबाला है और आम नागरिक की जमीन सुरक्षित नहीं है। सरकारी संरक्षण में कब्जे और भ्रष्टाचार के मामले बढ़ रहे हैं। निर्माण कार्यों से लेकर सरकारी योजनाओं तक हर स्तर पर कमीशनखोरी और लूट का माहौल है। भाजपा सरकार के दो कार्यकालों में विकास के नाम पर सिर्फ प्रचार हुआ है, धरातल पर कोई बड़ी उपलब्धि दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद और बीज नहीं मिल रहा, बिजली संकट गहराता जा रहा है और डीजल की बढ़ती कीमतों ने खेती को घाटे का सौदा बना दिया है। दूसरी तरफ लाखों पढ़े–लिखे नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। भर्ती परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया गया है। भाजपा ने रोजगार और विकास के जो वादे किए थे, वे पूरी तरह झूठ साबित हुए हैं।

पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए की सबसे बड़ी दुश्मन है। आरक्षण पर हमला, झूठे मुकदमे, उत्पीड़न और फर्जी एनकाउंटरों के जरिए पीडीए समाज को दबाने की कोशिश की गई है। लेकिन भाजपा यह भूल रही है कि पीडीए अब एक बड़ी सामाजिक और राजनीतिक ताकत बन चुका है और यही ताकत 2027 में सत्ता परिवर्तन का आधार बनेगी। अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और मतदाता सूची पर विशेष निगरानी रखने का आह्वान करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय को बचाने का चुनाव है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और 2027 में भाजपा का सत्ता से बाहर जाना तय है।

बैठक में शिवपाल सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, आदित्य यादव, श्यामलाल पाल, सलीम इकबाल शेरवानी, राजेंद्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारत–स्लोवाकिया के बीच कई अहम समझौते

# टेक्नोलॉजी हमारे संबंधों का आधार-पीएम मोदी

**ब्रातिस्लावा, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके स्लोवाकियाई समकक्ष रॉबर्ट फिचो के बीच ब्रातिस्लावा कैसल में अहम मुलाकात हुई। दोनों के अहम बैठक हुई, जिसके बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इस दौरे को ऐतिहासिक बताया और भारत–ईयू एफटीए को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया की मदद का आभार भी जताया। साझा वक्तव्य के दौरान पीएम मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री और मैंने हमारे सहयोग को नई दिशा और नई गति देने के बारे में विस्तार से चर्चा की। हमारे द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक साझेदारी में हुई प्रगति हमारे लिए संतोष की बात है। हालाँकि, हमारी क्षमताएं बहुत अधिक हैं और हमारी आकांक्षाएं उससे भी कहीं अधिक हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमारे आत्मीयता भरे स्वागत के लिए मैं प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको अनुभवी नेता होने के साथ भारत के सच्चे मित्र हैं। भारत स्लोवाकिया के संबंधों को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में उनकी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता का विशेष महत्व रहा है। मुझे खुशी है कि आज उनसे मिलकर हमारे संबंधों में एक ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने का शुभ अवसर मिला। मेरी ये यात्रा किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की पहली यात्रा है।



पीएम मोदी ने कहा कि, इंडिया–ईयू एफटीए को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया से मिले सहयोग के लिए मैं प्रधानमंत्री जी का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। हम इसके जल्द से जल्द इम्प्लीमेंटेशन के लिए काम करेंगे ताकि दोनों देशों के उद्योग, स्टार्टअप्स और ट्रेडर्स इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। टेक्नोलॉजी हमारी भावी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ है। डिजिटल टेक्नोलॉजी पर आज किए गए समझौते इसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग की नई संभावनाएं बनाएंगे। मुझे खुशी है कि स्लोवाकिया की एक यूनिवर्सिटी में एआई के विषय पर इंडिया चेयर स्थापित की जा रही है। एआई मानवता की सेवा और प्रगति का सशक्त माध्यम बने, यही हमारी साचा सोच है। हमारा मानना है कि एआई का भविष्य केवल इनोवेशन से नहीं बल्कि ट्रस्ट, रिस्पॉन्सिबिलिटी और ह्यूमन डिग्निटी पर आधारित होना चाहिए।

# गूगल मैप ने फिर एक बार दिखाया मौत का रास्ता, कार नाले में गिरी

**हापुड़, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** नोएडा से किठौर जा रहा कार सवार एक परिवार गूगल मैप से भटक गया। परिवार हापुड़ के अंदर से जाने के बजाए दिल्ली रोड से श्यामपुर वाले मार्ग की ओर बढ़ गया, फाटक के पास आने पर अंधेरे में कार नाले में गिर गई। खिड़कियां लॉक होने से परिवार अंदर ही फंस गया, गनीमत रही कि पानी नहीं भरा। कार चालक ने 112 नंबर डायल कर, पुलिस को सूचना दी। दो घंटे की मशक्कत के बाद परिवार को निकाला जा सका।

जिला गौतमबुधनगर के थाना दादरी क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीपुरा निवासी साहिल अपने परिवार के साथ कार में सवार होकर रविवार की देर रात किठौर अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित दिल्ली फाटक ओवरब्रिज पर मरम्मत कार्य चलने से रास्ता बंद होने के कारण उन्हें अपनी कार को रोकना पड़ गया। यहां से किठौर जाने के लिए उन्होंने गूगल मैप की मदद ली। मैप ने उन्हें एचपीडीए कार्यालय से प्रीत विहार की तरफ जाने के लिए रास्ता दिखाया। इसके बाद साहिल अपने परिवार के साथ प्रीत विहार की तरफ बढ़ गए। उनके प्रीत विहार से गांव श्यामनगर फाटक के पास पहुंचने पर यहां जलभराव था। जलभराव से बचने के चक्कर में उनकी कार पास ही नाले में जा गिरी और पूरा परिवार कार में फंस गया। कार में साहिल के साथ उनके परिवार की गुड्डी, मोहम्मद ईशान व दो बच्चे सवार थे। कार नाले में गिरने से पूरा परिवार दहशत में आ गया। किसी तरह साहिल ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को हादसे की सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए दमकल विभाग को सूचित कर दिया। गाड़ी के अंदर पानी नहीं घुसा था, यह देख थोड़ी राहत की सांस मिली। क्रेन भी मौके पर बुला ली गई, बचाव दल ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कार सवार परिवार को सकुलश बाहर निकाला। कार सवार सभी लोग सुरक्षित पाए गए। इसके बाद क्रेन की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। परिवार किठौर न जाकर वापस नोएडा के लिए लौट गया। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि बचाव दल ने कड़ी मशक्कत के बाद कार सवार परिवार को सकुशल बाहर निकाला। परिवार के सभी लोग सुरक्षित हैं और वह कार से वापस नोएडा लौट गए।



## 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक आजमगढ़

### ' राम रतन की लूट '

अवधपुरी में चल रही,
राम रतन की लूट ।
पहरू पूजा की जगह,
रहे आस्था कूट ।
श्रद्धा की ओखरी में ।



धीरू भाई का दो टूक

# एक बल्लेबाज की गलती पड़ी भारतीय टीम पर भारी श्रीलंका के खिलाफ मैच में लगा 10 रन का जुर्माना

**दांबुला, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** क्रिकेट में अक्सर एक–एक रन मैच का रुख बदल देता है, लेकिन श्रीलंका–ए के खिलाफ मुकाबले में भारत–ए ने बिना गेंद खेले ही विरोधी टीम को 10 रन दे दिए। वजह बने युवा बल्लेबाज विप्रज निगम, जिनकी एक गलती टीम पर भारी पड़ गई। त्रिकोणीय सीरीज के इस मुकाबले में अंपायरों ने भारत–ए पर कुल 10 रन की पेनल्टी लगा दी। यह जुर्माना पिच के संरक्षित हिस्से (प्रोटेक्टेड एरिया) पर बार–बार दौड़ने के कारण लगाया गया। मैच के 34वें और 37वें ओवर के दौरान ऑन–फील्ड अंपायर प्रगीथ रामबुकवेला और शांथा फोन्सेका ने भारत–ए के खिलाफ दो बार पांच–पांच रन की पेनल्टी सुनाई। रिपोर्ट के मुताबिक, विप्रज निगम ने 34वें ओवर में पहली बार पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ लगाई। इससे पहले अंपायर टीम को चेतावनी भी दे चुके थे। इसके बावजूद 37वें ओवर में उन्होंने दोबारा वही गलती दोहरा दी। दूसरी घटना तब हुई जब विप्रज ने गेंद को थर्ड मैन की दिशा में खेलकर रन लेने की कोशिश की। नॉन–स्ट्राइकर सूर्यांश शेडगे ने उन्हें वापस भेज दिया। क्रीज में लौटने की जल्दबाजी में



विप्रज पिच के बीचोंबीच संरक्षित हिस्से से होकर दौड़ गए। क्रिकेट के नियमों के मुताबिक, बल्लेबाजों को पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने से बचना होता है। ऐसा करने से पिच को नुकसान पहुंच सकता है, जिसका असर बाद में गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों पर पड़ता है। यदि चेतावनी के बाद भी खिलाड़ी गलती दोहराता है तो अंपायर विपक्षी टीम को पांच रन की पेनल्टी दे सकते हैं। भारत–ए के मामले में यह गलती दो बार हुई, इसलिए कुल 10 रन श्रीलंका–ए के खाते में जोड़ दिए गए। हालांकि विप्रज निगम सिर्फ इस विवाद के कारण चर्चा में नहीं हैं। जब भारत–ए का स्कोर 143 रन पर सात विकेट था, तब उन्होंने सूर्यांश शेडगे के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 104 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। विप्रज ने 49 गेंदों में 51 रन बनाए, जबकि शेडगे ने 66 गेंदों पर 72 रन की शानदार पारी खेली। दोनों की बदौलत भारत–ए 265 रन तक पहुंचने में सफल रहा। दिलचस्प बात यह है कि मुकाबले में सिर्फ भारत–ए ही नहीं, श्रीलंका–ए को भी नियम उल्लंघन का खामियाजा भुगतना पड़ा। 16वें ओवर में विकेटकीपर निरोशन डिकवेला वाइड गेंद को नहीं रोक सके और गेंद उनके पीछे रखे हेलमेट से टकरा गई। इसके चलते भारत–ए को पांच बोनस रन मिले।

# 17 लाख टन यूरिया आयात की तैयारी में सरकार


**नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** सरकार ने सोमवार को बताया कि वह 17 लाख टन यूरिया आयात करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है। इससे देश में खाद की घरेलू आपूर्ति और मजबूत होगी। उर्वरक विभाग की संयुक्त सचिव वंदना प्रेयसी ने एक अंतर–मंत्रालयी बैठक में कहा कि खरीफ सीजन के लिए खाद की उपलब्धता में कोई बड़ी चुनौती नहीं है। देश में खाद का स्टॉक फिलहाल काफी अच्छी स्थिति में है। कृषि मंत्रालय ने इस खरीफ सीजन के लिए 383.9 लाख टन खाद की जरूरत का अनुमान लगाया है। इसके मुकाबले आज देश में 196.65 लाख टन स्टॉक मौजूद है। यह सामान्य स्तर से काफी ज्यादा है। किसानों ने अब तक 102.78 लाख टन रासायनिक खाद खरीद ली है। यह कुल जरूरत का लगभग 37 प्रतिशत है। सरकार की बेहतर योजना और समय से पहले स्टॉक जमा करने की वजह से यह संभव हुआ है। सरकारी कंपनी नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (छथ्स्) ने 17 लाख टन यूरिया आयात करने के लिए टेंडर निकाला था। इसके लिए दुनिया भर की कंपनियों से 60 लाख टन से ज्यादा की बोलियां मिली हैं। इसमें सबसे कम कीमत लगभग 445 डॉलर प्रति टन रही है। रासायनिक खाद के साथ–साथ जैविक खाद की मांग भी तेजी से बढ़ी है। किसानों ने अब तक 11.82 लाख टन जैविक खाद खरीदी है। पिछले साल इसी समय यह आंकड़ा



केवल 3.31 लाख टन था। इससे पता चलता है कि किसान अब रासायनिक खाद के बजाय जैविक विकल्पों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बावजूद भारत ने अपनी खाद सुरक्षा मजबूत रखी है। संकट के इस दौर में भारत ने 50 लाख टन से ज्यादा यूरिया और पीएंडके (फास्फेटिक और पोटाश) खाद सुरक्षित कर ली है। भारत ने ओमान, मलेशिया, वियतनाम, रूस, जॉर्जिया, नाइजीरिया, मिस्र और नीदरलैंड जैसे देशों से यूरिया मंगाया है। वहीं डीएपी (व।च) के लिए रूस, मोरक्को, अमेरिका, जॉर्डन और सऊदी अरब जैसे देशों से संपर्क किया गया है। फिलहाल होर्मुज जलडमरूमध्य (ँजतंपज व‍ि भ्वतउन्र) में भारत के 16 जहाज मौजूद हैं। इनमें से आठ जहाजों में यूरिया, चार में डीएपी, तीन में सल्फर और एक में अमोनिया लदा है। सरकार अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्थितियों पर पैनी नजर रख रही है। कंपनियों के सब्सिडी बिलों का भुगतान हर हफ्ते किया जा रहा है और इसके लिए पर्याप्त बजट मौजूद है। भारत में यूरिया का उत्पादन भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है। साल 2014–15 में यह 225 लाख टन था, जो 2023–24 में बढ़कर 314.07 लाख टन हो गया। पिछले साल स्थानीय मांग पूरी करने के लिए 100 लाख टन से ज्यादा यूरिया आयात किया गया था। पीएंडके खाद का उत्पादन भी 2014–15 के 159.54 लाख टन से बढ़कर 211.22 लाख टन हो गया है। सरकार का कहना है कि भारत की खाद सुरक्षा पूरी तरह स्थिर और मजबूत है।

# मई में भारत का निर्यात 4.3 लाख करोड़ के पार पहुंचा, सोना और पेट्रोलियम ने बढ़ाई चमक

**नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** भारत का व्यापार जगत इस समय तेजी से आगे बढ़ रहा है। मई के महीने में देश के व्यापार में बड़ी बढ़त देखी गई है। सरकार ने इसके नए आंकड़े जारी कर दिए हैं। आंकड़ों के मुताबिक मई में भारत का सामान का निर्यात 18 फीसदी बढ़ गया है। अब यह बढ़कर 45.2 अरब डॉलर यानी 4,30,197.81 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। दुनिया भर में भारतीय सामान की मांग बढ़ रही है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने इस पर खुशी जताई है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि यह पूरा साल निर्यात के लिए बहुत अच्छा रहेगा। इस बार पेट्रोलियम सेक्टर ने बहुत शानदार काम किया है। मई 2026 में पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात बहुत ज्यादा बढ़ा है। इसमें 54.89 फीसदी की भारी तेजी आई है। इसके साथ ही यह निर्यात 8.42 अरब डॉलर (80,138.62 करोड़ रुपये) का हो गया है। इसने देश के कुल निर्यात को बढ़ाने में बड़ी मदद की है। हालांकि पश्चिम एशिया के बाजार से थोड़ी निराशा मिली है। मई में पश्चिम एशिया को भारत का निर्यात 5.30 अरब डॉलर रहा। पिछले साल मई 2025 में यह आंकड़ा 5.38 अरब डॉलर था। इस बार वहां मामूली गिरावट आई है। निर्यात के साथ–साथ देश का आयात भी बढ़ा है। मई में भारत का आयात 20.62 फीसदी बढ़ गया है। भारत ने कुल 73.41 अरब डॉलर ( करीब 6,98,690.74 करोड़ रुपये) का सामान बाहर से मंगाया है। आयात ज्यादा होने से देश का व्यापार घाटा भी बढ़ गया है। मई में यह घाटा 28.21 अरब डॉलर (2,68,492.93 करोड़ रुपये) रहा है। इस आयात को



बढ़ाने में सोने की बड़ी भूमिका रही है। लोग जमकर सोना खरीद रहे हैं। अप्रैल और मई के महीने में सोने का आयात 60 फीसदी बढ़ गया है। इन दो महीनों में कुल 9.04 अरब डॉलर (86,039.56 करोड़ रुपये) का सोना भारत आया है। अब बात करते हैं अप्रैल और मई के कुल व्यापार की। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में प्रदर्शन अच्छा रहा है। इस दौरान भारत का कुल निर्यात 88.91 अरब डॉलर रहा। यह पिछले साल के मुकाबले 16.09 फीसदी ज्यादा है। यह बढ़ोतरी बताती है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। बाजार में लगातार कामकाज बढ़ रहा है। सबसे पहली चुनौती ग्लोबल लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति शृंखला की है। दुनिया के कई समुद्री रास्तों में जारी तनाव के कारण माल ढुलाई का किराया लगातार बढ़ रहा है। इससे भारतीय निर्यातकों की लागत बढ़ सकती है और वैश्विक बाजार में हमारे उत्पाद महंगे हो सकते हैं। दूसरी चुनौती करेंसी की अस्थिरता है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में किए जा रहे बदलावों के कारण डॉलर के मुकाबले अन्य वैश्विक मुद्राएं कमजोर हो रही हैं। अगर प्रमुख आयातक देशों की करेंसी कमजोर होती है, तो उनके लिए भारतीय सामान खरीदना महंगा हो जाएगा, जिससे हमारी मांग पर असर पड़ सकता है। तीसरी और सबसे बड़ी चुनौती सख्त वैश्विक मानक और कार्बन टैक्स (जैसे यूरोपीय संघ का सीबीएएम हैं। दुनिया के विकसित देश अब पर्यावरण को लेकर कड़े नियम बना रहे हैं। ऐसे में भारतीय स्टील, इंजीनियरिंग गुड्स और टेक्सटाइल उद्योगों को खुद को तुरंत इन नियमों के अनुसार ढालना होगा, वरना हमारे बड़े निर्यात बाजार हाथ से निकल सकते हैं।

# शेयर बाजार : सेंसेक्स में 736 और निफ्टी में 231 अंक की उछाल

**नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** आज सेंसेक्स में 736 और निफ्टी में 231 अंक की उछाल दर्ज की गई। आज पूरे दिन के कारोबार के बाद अमेरिकी डॉलर (न्वि) के मुकाबले रुपया 47 पैसे मजबूत हुआ। सोमवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे सत्र में तेजी के साथ बंद होने के कारणों पर विशेषज्ञों ने कहा, अमेरिका–ईरान शांति समझौते से वैश्विक स्तर पर सकारात्मक संकेत गया है। अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिन के युद्ध को समाप्त करने की सहमति बनने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में भी तेज गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 736.38 अंक या 0.97 फीसदी बढ़कर 76,264.33 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 1,293.12 अंक उछलकर 76,821.07 तक पहुंचा था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 231 अंक या 0.98 फीसदी बढ़कर 23,853.90 पर समाप्त हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच शुक्रवार को (19 जून) को स्विट्जरलैंड में शांति समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य भी खोला जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब रविवार को ईरान के साथ डील का एलान किया तो इसके बाद वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर भी दबाव कम हुआ। कच्चे तेल की कीमतें वैश्विक बाजारों में तीन महीने के निचले स्तर पर आ गईं। सोमवार को ब्रेंट क्रूड 5 फीसदी गिरकर करीब 82.90 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल और मारुति लाभ हासिल करने वाली शीर्ष कंपनियां रहीं। एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर में गिरावट दर्ज की गई। एशियाई



बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी 5 फीसदी से अधिक उछला, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक भी लगभग 5 फीसदी चढ़ा। शंघाई और हांगकांग के सूचकांक भी तेजी के साथ बंद हुए। एक्सिस डायरेक्ट के अनुसंधान प्रमुख राजेश पाल्विया ने कहा कि अमेरिका–ईरान शांति समझौता वैश्विक जोखिम वाली संपत्तियों के लिए सकारात्मक है। कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल सुधार भारत जैसी आयात–निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए उत्साहजनक है। यह महंगाई के दबाव को कम करने और व्यापक आर्थिक स्थिरता में सुधार में मदद करता है। एक्सचेंज आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 1,082.18 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

वेदांता समूह की चार अलग हुई कंपनियों ने सोमवार को शेयर बाजार में पदार्पण किया। इनमें वेदांता एल्युमीनियम मेटल, वेदांता पावर, वेदांता ऑयल एंड गैस और वेदांता आयरन एंड स्टील शामिल हैं। वेदांता पावर को छोड़कर अन्य कंपनियों के शेयर शुरुआती कारोबार में गिरावट के साथ बंद हुए। इन कंपनियों का विभाजन पिछले दिसंबर में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने मंजूर किया था।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद अजफर था जिसे बदलकर मैंने मोहम्मद अजफर फखरूद्दीन शेख कर लिया है। भविष्य में मुझे **मोहम्मद अजफर फखरूद्दीन शेख** नाम से जाना, पहचाना जाए। मोहम्मद अजफर फखारूद्दीन शेख पुत्र फखरूद्दीन निवासी ग्राम महुवां छांवनी पोस्ट कोहड़ा थाना पवई जनपद आजमगढ़

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक कागजात में मेरी पुत्री का नाम शीलू दर्ज हो गया है। जो गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम शिवानी राजभर है। उसके आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्रों में भी उसका सही नाम शिवानी राजभर है। शीलू व शिवानी राजभर दोनों एकही व्यक्ति का नाम है। संजीव कुमार पुत्र स्व. स्वामीनाथ, साकिन ताजोपुर, तहसील सदर, जनपद मऊ (उ.प्र.)।

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी निजामाबाद, आजमगढ़
मु.नं. 202615060202768 / 2026
धारा 116 उप्ररासं 2006 मौजा बरकोला

**रामवृक्ष आदि बनाम इन्द्रमणि आदि**

बनाम– इन्द्रमणि पुत्र राजाराम 2. सुग्रीव पुत्र शोमनाथ 3. सन्तोष 4. वाल्मिकी पुत्रगण लालबहादुर 5. आनन्द पुत्र इन्द्रजीत 6. राधिका देवी पत्नी इन्द्रजीत 7. दीनानाथ 8. बुझारथ 9. गुड्डू 10. धरमू पुत्रगण चन्द्रिका साकिनान बरकोला परगना व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़ 10. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत श्रीकान्तपुर परगना व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़ 11. उ.प्र. सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़।
–प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 17 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 12 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) बूढ़नपुर, आजमगढ़
मु.नं. टी 202615060605190 / 2026
धारा 116 उप्ररासं 2006 मौजा खेमकरनपुर

**जगदीश बनाम पवन कुमार**

बनाम– शान्तीदेवी पत्नी हनुमान 2. शिवपूजन पुत्र चिखुर 3. सुभागी पत्नी हरदेव 4. शान्ती पत्नी रामअवध साकिन छितौना परगना कौड़िया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़ 5. विजय प्रताप पुत्र राधेश्याम 6. शिवानी पत्नी रामप्रताप साकिन अर्जुन पट्टी परगना कौड़िया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़ 7. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत खेमकरनपुर परगना कौड़िया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़।
–प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 18 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 11 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत मुख्य राजस्व अधिकारी, आजमगढ़
धारा 30 (2) उप्ररासं 2006 मौजा जमसर

**आमोद आदि बनाम राधेश्याम आदि**

बनाम– राधेश्याम पुत्र लालता 2. तारादेवी पत्नी राधेश्याम 3. ललिता पत्नी सुवाष 4. जवाहिर पुत्र शिवशंकर साकिनान जमसर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 5. उ.प्र. सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़।
–प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 22 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 01 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पूर्ण होशो–हवास एवं स्वस्थ मानसिक अवस्था में घोषित करती हूं कि मिश्रपुर तप्पा चेचुल परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ स्थित भूमि आबादी संख्या 102 रकबा 93 कड़ी (376.65 वर्ग मी.) की एकमात्र वैध एवं सक्षम स्वामिनी हूं तथा उक्त भूमि पर मेरा पूर्ण विधिक अधिकार है। इस भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई विवाद, बंधक, दावा, ऋणभार, वाद–विवाद अथवा न्यायालयी अवरोध लंबित नहीं है एवं भूमि सर्वथा निर्विवाद एवं ऋणभार मुक्त है। मैं उक्त भूमि को अति शीघ्र एवं अपनी स्वेच्छा से विक्रय करना चाहती हूं। इच्छुक क्रेता सीधे मुझसे संपर्क कर सकते है। **गीता बरनवाल** पत्नी श्री अनिल कुमार बरनवाल निवासिनी ग्राम मिश्रपुर तप्पा चेचुल परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़।

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत मुख्य राजस्व अधिकारी, आजमगढ़
मु.नं. 202515060004633
धारा 30 उप्ररासं 2006 मौजा मसूद पट्टी

**जवाहिर बनाम महेन्द्र आदि**

बनाम– महेन्द्र 2. मनोज 3. शैलेन्द्र 4. गोविन्द पुत्रगण मोहन 5. चनौती पत्नी मोहन 6. घरभरन 7. जयसिंह 8. रामदुलार पुत्रगण सोम्मर 9. लालदेई 10. लल्ली 11. राधे पुत्रीगण रामसरन साकिनान मसूद पट्टी परगना व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़ 12. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत मसूद पट्टी परगना व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़ 13. उ.प्र. सरकार बजरिये जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 27 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 15 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) लालगंज, आजमगढ़
धारा 24 उप्ररासं 2006 मौजा हरई रामपुर

**सच्चिदानन्द बनाम ग्रामसभा**

बनाम–मेहताब पुत्र जब्बार 2. मोफीद पुत्र विसमिल्लाह 3. विजय बहादुर पाठक 4. विवेकानन्द पाठक पुत्रगण जितेन्द्र 5. वीरेन्द्र पाठक पुत्र शिवमूरत पाठक साकिनान हरई रामपुर परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 18 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 11 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) सगड़ी, आजमगढ़
न.मु. टी 202615060709099
धारा 21 / 24 उप्ररासं 2006 मौजा चकलालचन्द

**बिन्दू बनाम सुशीला सिंह आदि**

बनाम–अखिलानन्द पुत्र बच्चा बाबू 2. बृजानन्द पुत्र बच्चाबाबू 3. सुनरादेवी पत्नी बच्चाबाबू 4. परसोत्तम पुत्र पांचू 5. दीपक 6. दिलीप पुत्रगण हरिश्चन्द 7. अखिलेश 8. कमलेश 9. मिथिलेश पुत्रगण खदेरू 10. नन्हे 11. संजय पुत्रगण रणजीत 12. आंचल सिंह 13. रामरतन सिंह पुत्रगण बलवन्त सिंह 14. सुशीला सिंह पुत्री बलवन्त सिंह 15. राजेश 16. राकेश पुत्रगण तेजबहादुर साकिनान चकलालचन्द परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़।–प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 24 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 116 उप्ररासं 2006 मौजा आराजी अजगरा मशर्की

**चन्द्रदेव बनाम उदयभान आदि**

बनाम– उदयभान पुत्र शिवनरायन 2. हरिवंश व बृजभान पुत्रगण नरायन 3. कपिल व नगीना पुत्रगण वंशू 4. सूर्यप्रकाश, अजय प्रकाश पुत्रगण लालजी, सविता देवी पत्नी लालजी 05. रामअनुज व मनोज पुत्रगण हंशू 6. महेन्द्र व देवेन्द्र पुत्रगण बृजभान साकिनान आराजी अजगरा मशर्की परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 7. गांवसभा आराजी अजगरा मशर्की बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत अम्भनपट्टी परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 16 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 09 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 116 उप्ररासं 2006 मौजा अखईपुर

**चन्द्रधन आदि बनाम कन्हैया**

बनाम– कन्हैया पुत्र वतुक साकिन टण्डवा परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 2. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत अखईपुर टण्डवा बिलरियागंज तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 23 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अतिरिक्त अधिकारी प्रथम सदर, आजमगढ़
धारा 116 उप्ररासं 2006 मौजा हैदराबाद उर्फ छतवारा परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़

**राघवेन्द्र बनाम मुखलाल**

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 16 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 02 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत जिलाधिकारी मऊ, जनपद मऊ
धारा 30 (2) उप्ररासं 2006 मौजा कोपागंज

**वहीदुज्जमा बनाम जलीकुज्जमा**

बनाम–1/1. मु. अफजल 1/2. मु. अरशद 1/3. शमशुलहोदा 1/4. नजुलहोदा पुत्रगण जलीकुज्जमा व 1/5. तहजीबुन पत्नी जलीकुज्जमा 2/1. वसीउज्जमा, कमरूज्जमा पुत्रगण फहीदुज्मा साकिनान कोपागंज तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 16 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 12 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत सिविल जज (जू.डि.)
मऊ, जनपद मऊ
उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र सं. 270 / 2026

**श्री भगवान** आयु करीब 26 वर्ष पुत्र स्व. शिवलखन साकिन जयरामगढ़ पोस्ट कोपागंज तहसील सदर जनपद मऊ। –सायल

**बनाम**

**साधारण जनता** साकिन जयरामगढ़ पोस्ट कोपागंज तहसील सदर जनपद मऊ।–विपक्षीगण

हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 18 माह 07 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ हो और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके, जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि इसी रोज जुमला दस्तावेज को पेश करे। आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर तारीख 18–07–2026 तनकीह पर हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मजमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।
–आज्ञा से
सिविल जज (जू.डि.) मऊ, जनपद मऊ

संस्थापक :
स्मृतिशेष श्री ठाकुर प्रसाद यादव

सम्पादक :
श्री विजय कुमार यादव

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्री विजय कुमार यादव के लिए स्वाभिमान प्रकाशन, शहीद द्वार (सिविल लाईन) आजमगढ़ से मुद्रित कराकर 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक कार्यालय, 31 शहीद द्वार आजमगढ़–276001 से प्रकाशित।
पो.रजि.नं. : आ./एन.पी.–92
टेली फैक्स : 05462–297576
मोबाइल : 9415370246
RNI NO. 56765/92

## अभिषेक बनर्जी से ईडी की पूछताछ

कोलकाता, 15 जून (देवव्रत संवाद)। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी कोलकाता में ईडी ऑफिस पहुंच गए हैं। ईडी अभिषेक से कैश-फॉर-स्कूल-जॉब स्कैम में पूछताछ की जा रही है। उन्हें 3 जून को नोटिस जारी कर 15 जून की दोपहर 12 बजे तक एजेंसी के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया था। इस मामले में सीबीआई और ईडी दोनों की चार्जशीट में अभिषेक का नाम है। इससे पहले रविवार को विधायकों के फर्जी साइन मामले में उक्ऊने अभिषेक से 8 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में अभिषेक को फिर से 16 जून को उक्ऊके सामने पेश होना है। अभिषेक के कालीघाट स्थित घर पर कोलकाता पुलिस ने 13 जून देर रात 3 बजे छापा मारा। पुलिस टीम सेंट्रल फोर्स के जवानों के साथ पहुंची। पुलिस अधिकारी अंदर गए, जवान गेट के बाहर पहरा देते रहे। तलाशी अभियान करीब 4 घंटे तक चला। छापे की सूचना मिलते ही ममता बनर्जी तुरंत अभिषेक के घर आईं, थोड़ी देर रुकीं फिर वापस चली गईं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी अभिषेक के पीए सुमित रॉय का पता लगाने के लिए की गई थी। अभिषेक ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी ताला तोड़कर घर में घुसे और हर कमरे की तलाशी ली। अभिषेक के घर छापेमारी ऐसे वक्त की गई जब फर्जी हस्ताक्षर मामले में उनके खिलाफ उक्ऊजांच जारी है।

## शिमला में मूसलाधार बारिश, कई जगह भारी ओलावृष्टि

शिमला, 15 जून (देवव्रत संवाद)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में दोपहर बाद चार बजे से भारी बारिश हो रही है। तेज बारिश से शिमला की सड़कें जलमग्न हो गई। इससे स्कूली बच्चों को घर लौटने में परेशानी हुई। शिमला जिला के कुफरी, फागू, चौपाल इत्यादि क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। किन्नौर में भी सुबह 5.30 बजे ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने ताजा बुलेटिन जारी कर शाम छह बजे तक चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, हमीरपुर और सिरमौर जिलों में तेज बारिश के साथ आंधी व तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। लाहौल स्पीति और किन्नौर की ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात के भी आसार है। तेज बारिश के दौरान खतरे वाली जगह नहीं जाने, बिजली उपकरणों के प्लग निकालने और नदी नालों के आसपास नहीं जाने की सलाह दी गई है।

## चाइनीज मांझे से मंत्री के भतीजे की कटी गर्दन

बरेली, 15 जून (देवव्रत संवाद)। बरेली में चाइनीज मांझे से यूपी के राज्यमंत्री संजय गंगवार के 15 साल के भतीजे की गर्दन कट गई। सोमवार सुबह करीब 6 बजे आदित्यवीर सिंह गंगवार स्कूटी से स्टेडियम जा रहा था। फ्लाईओवर पर अचानक चाइनीज मांझा उसकी गर्दन से लिपट गया। जब तक वह कुछ समझ पाता, गर्दन का काफी हिस्सा कट चुका था। आदित्य स्कूटी के साथ सड़क पर गिर गया। पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। आसपास के लोग उसे तुरंत एक प्राइवेट अस्पताल ले गए और परिवार को सूचना दी। सूचना मिलते ही मंत्री अस्पताल पहुंचे और भतीजे की हालत देखकर भड़क गए। कहा- प्रतिबंध के बावजूद मांझा कैसे बिक रहा है? डीएम-एसएसपी दोनों को बुलाकर बात करूंगा। आदित्य के पिता अजय सिंह गंगवार पीलीभीत के ललौरी खेड़ा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख हैं। मां सीमा गंगवार बरेली में रेलवे में चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर हैं। आदित्य परिवार का इकलौता बेटा है। उसकी एक छोटी बहन है। हादसा बरेली शहर में बीचोबीच श्यामगंज फ्लाईओवर पर हुआ।

## बांग्लादेशी प्रधानमंत्री के सलाहकार दिल्ली एयरपोर्ट से लौटे

ढाका, 15 जून (देवव्रत संवाद)। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सलाहकार डॉ. जाहेद उर रहमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोक लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें करीब दो घंटे तक वेटिंग रूम में बैठाए रखा और कई मुद्दों पर पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने अपना पासपोर्ट वापस मांगा और भारत में आने से इनकार कर दिया। बाद में वह कोलंबो के रास्ते सोमवार सुबह ढाका पहुंचे। वह इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन की वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली आए थे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को ही नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग ने भारत के विदेश मंत्रालय को आधिकारिक रूप से सूचित कर दिया था कि डॉ. जाहेद क्डफ्ड बैठक में बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

## ईरान-अमेरिका में समझौते की खबरों से शेयर मार्केट में तेजी

मुंबई, 15 जून (देवव्रत संवाद)। ईरान-अमेरिका के बीच संभावित शांति समझौते की खबरों से शेयर बाजार में आज यानी 15 जून को बढ़त रही। सेंसेक्स 736 अंक की तेजी के साथ 76,264 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 231 अंक की तेजी रही, ये 23,853 के स्तर पर बंद हुआ। रियल्टी, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज और बैंकिंग शेयर्स में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई। इधर, होर्मुज स्ट्रेट को खोले जाने की खबर के चलते ब्रेंट क्रूड यानी कच्चे तेल के दाम में आज 4% की गिरावट है। यह $83 प्रति बैरल पर आ गया है।

## साधु का हत्यारोपी इसराइल एनकाउंटर में ढेर

उन्नाव, 15 जून (देवव्रत संवाद)। उन्नाव में साधु राममिलन दास उर्फ बाबा मिलन दास सिंह (45) हत्याकांड का मुख्य आरोपी इसराइल एनकाउंटर में ढेर हो गया। जयप्रकाश सिंह ने बताया कि इसराइल ने 9 जून को 4 साथियों के साथ मिलकर बाबा मिलन की हत्या की थी। साधु के भाई ने दावा किया था कि राममिलन शिव मंदिर में लाउडस्पीकर लगाकर भजन बजाते थे, जिससे आरोपी नाराज थे। इसी वजह से झगड़ा हुआ और आरोपियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से इसराइल फरार था। सोमवार तड़के 3:40 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसकी घेराबंदी की। खुद को घिरता देखकर उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में 36 साल का इसराइल मारा गया। मुठभेड़ ताजपुर इलाके में हुई। 2 दिन पहले इसराइल पर रढ ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। कल यानी रविवार को उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने घटना पर कहा था कि अगर आरोपी सरेंडर नहीं करेगा तो एनकाउंटर होगा ही।

## कर्नाटक में फ्राड रोकने को सख्त होंगे नियम-डीके शिवकुमार

कर्नाटक , 15 जून (देवव्रत संवाद)। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार की गारंटी योजनाएं असली लाभार्थियों के लिए हैं और बिना किसी रुकावट के जारी रहेंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि धोखाधड़ी और दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रियाएं लागू की जा रही हैं। गारंटी कार्यक्रमों को लागू करने पर चर्चा करते हुए शिवकुमार ने कहा कि विपक्ष का काम सरकार की आलोचना करना है। उन्होंने कहा कि सरकार को अच्छी तरह पता था कि विपक्ष के पास पेश करने के लिए कुछ भी सकारात्मक नहीं है, और साथ ही कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

# थोक महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा

## मई में 9.68% पहुंची; फ्यूल महंगा हुआ, अनाज और तेल की कीमतें भी बढ़ीं

नई दिल्ली, 15 जून (देवव्रत संवाद)। मई में थोक महंगाई बढ़कर 9.68% पर पहुंच गई है। इससे पहले अप्रैल में यह 8.26% पर थी। मई में महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा है। सितंबर 2022 में ये 10.70% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 15 जून को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। महंगाई बढ़ने की वजह रोजमर्रा की जरूरत के सामान और फ्यूल के दाम बढ़ना है। इसके अलावा अनाज और तेल भी महंगा हुआ है। दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच साढ़े तीन महीने से तनाव है। स्थितियां सामान्य नहीं हुईं तो महंगाई और बढ़ सकती है। रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 3.78% से बढ़कर 4.99% हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई 3.11% से बढ़कर 4.49% पर पहुंच गई है। फ्यूल और पावर की



थोक महंगाई दर 24.89% से बढ़कर 30.33% हो गई है। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 6.68% से बढ़कर 7.48% रही।

मई में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.93% पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 3.48% थी। पिछले 5 महीनों में यह पहली बार है जब खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के टारगेट 4% के बेहद करीब पहुंच गई है।

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए हढक को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। हढकमें ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (उढक) भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है। महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75%, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 22.62% और फ्यूल एंड पावर 13.15% होती है। वहीं, रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86%, हाउसिंग की 10.07% और फ्यूल सहित अन्य आइटम्स की भी भागीदारी होती है।

# नीट री-एग्जाम का पेपर दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी

## 1000 से ज्यादा स्टूडेंट्स से लाखों वसूले, राजस्थान-बिहार से 3 आरोपी गिरफ्तार



अहमदाबाद, 15 जून (देवव्रत संवाद)। अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने नीट-यूजी के री-एग्जाम से पहले ऑनलाइन पेपर दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने राजस्थान और बिहार से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों पर 21 जून को होने वाले नीट री-एग्जाम और अन्य परीक्षाओं के पेपर दिलाने का झांसा देकर 1000 से ज्यादा स्टूडेंट्स और पेरेंट्स से लाखों रुपये वसूलने का आरोप है। राजस्थान से गिरफ्तार आरोपी सुमेर सिंह मीना और आकाश मीना टेलीग्राम चैनलों और वेबसाइटों के जरिए पेपर दिलाने का दावा करते थे। इसके बदले छात्रों से 15 हजार से 80 हजार रुपए तक वसूले जाते थे। वहीं बिहार से गिरफ्तार आरोपी नवीन यादव एग्जाम फीस रिफंड के नाम पर ठगी कर रहा था। वह स्टूडेंट्स की लॉगिन जानकारी का इस्तेमाल कर उनके अकाउंट का पासवर्ड बदल देता था। इसके बाद परीक्षा रद्द होने पर मिलने वाली रिफंड राशि अपने खाते में ट्रांसफर कर लेता था।

आरोप है कि उसने करीब 150 छात्रों के रिफंड के पैसे हड़प लिए। नवीन बीएससी तक पढ़ा है।

# भाजपा को रोकने के लिए गठबंधन को तैयार हूं-ओवैसी



लखनऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)। यूपी में चुनावी हलचल शुरू हो चुकी है। असदुद्दीन ओवैसी ने बहराइच से चुनावी अभियान की न सिर्फ शुरूआत की, बल्कि पहले प्रत्याशी का भी ऐलान कर दिया। ओवैसी ने भाजपा को हराने के लिए गठबंधन की बात करके भाजपा विरोधी खेमे में खलबली मचा दी। गठबंधन सपा से करेंगे या बसपा से? इसे लेकर फिलहाल उन्होंने कुछ नहीं कहा है।

सोमवार को लखनऊ में ओवैसी ने कहा- हमारी पार्टी यूपी में भाजपा को रोकने के लिए गठबंधन को तैयार है, बशर्ते गठबंधन में हमें इज्जत की निगाह से देखा जाए। बराबरी का रुतबा दिया जाए। हम पूरी ताकत के साथ विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। हमारे प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली और पार्टी कार्यकर्ता बड़ी मेहनत कर रहे हैं। मुस्लिम वोटों के सपा के साथ होने के सवाल पर ओवैसी नाराज हो गए, कहा कोई किसी के साथ नहीं है। अक्टक्ट पार्टी मजबूती के साथ उभरी है। जो लोग इस तरह की बकवास कर रहे हैं, उन्हें अंदाजा हो जाएगा। सीनियर जर्नलिस्ट राजेंद्र कुमार कहते हैं- यूपी में 2022 में भी 95 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इस चुनाव में उसे 4 लाख 50 हजार 900 वोट मिले थे। सभी सीटों पर जमानत जब्त हो गई थी। ओवैसी भले ही एक भी सीट नहीं जीत सके हों, लेकिन कई सीटों पर सपा प्रत्याशी की हार का अंतर अक्टक्ट को मिले वोटों से कम था। यानी मुस्लिम वोटों का बंटवारा नहीं हुआ होता तो कई सीटें ऐसी थीं, जहां सपा को जीत हासिल हो सकती थी।


ओवैसी गठबंधन में बराबरी के रुतबे की बात कर रहे हैं, यानी सीधे तौर पर वे 200 सीटों की दावेदारी ठोंक रहे हैं, जो किसी हाल में नहीं मिलने वाली। वैसी ब्लैकमेलिंग की राजनीति कर रहे हैं। वे कुछ सीटों पर नुकसान जरूर कर सकते हैं। चाहे बिहार हो या बंगाल, वहां मुस्लिम वोटों का बिखराव करना चाहते हैं।

# सैटेलाइट तस्वीरों में देश से मानसूनी बादल गायब

## 16 राज्यों में बारिश का इंतजार बढ़ा; राजस्थान में रेतीला बवंडर, दिल्ली में आया तूफान

लखनऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)। भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। 15 जून की सैटेलाइट तस्वीरों में देश के बड़े हिस्से से मानसूनी बादल गायब दिखाई दिए।

मौसम विभाग के मुताबिक, 4 जून से 15 जून के बीच देश में सामान्य 53.7 मिमी के मुकाबले सिर्फ 19.2 मिमी बारिश हुई। यानी बारिश में 64% की कमी दर्ज की गई है। मानसूनी गतिविधियां कमजोर होने से 16 राज्यों में बारिश का इंतजार बढ़ गया है। इनमें राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल हैं। मानसून दक्षिण भारत से आगे बढ़ने के बाद महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के आसपास ठहर गया है। पूर्वोत्तर राज्यों को कवर करने के बाद यह बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में रुक गया है। इधर, राजस्थान के चूरू, झुंझुनू और सीकर में सोमवार दोपहर रेत का बवंडर उठा।




चुरू में कुछ मिनटों में पूरा शहर धूल से भर गया। दिन में अंधेरे जैसी स्थिति हो गई।

दिल्ली के कई इलाकों में भी धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलीं। इसके बाद तेज बारिश भी हुई। पालम मौसम केंद्र पर दोपहर 2:30 बजे हवा की रफ्तार 92 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून के कमजोर होने की वजह समुद्र में नमी की कमी नहीं, बल्कि ऊपरी वायुमंडल की हवाओं का असामान्य पैटर्न है। इस बार पश्चिमी जेट स्ट्रीम सामान्य से ज्यादा दक्षिण की ओर खिसक गई है, जिससे मानसून को आगे बढ़ाने वाली हवाएं प्रभावित हो रही हैं।

अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में पर्याप्त नमी के बावजूद बादल नहीं बन पा रहे हैं। इससे मानसून के आगे बढ़ने पर फिलहाल ब्रेक लग सकती है। हालांकि अगले कुछ दिनों में इसके आगे बढ़ने की संभावना है। मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में प्री-मानसून बारिश जारी है। महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में 17 जून तक लू चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, मराठवाड़ा में 17 जून तक और विदर्भ में 16 जून तक हीटवेव की स्थिति बनी रह सकती है। वहीं, महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र और गोवा में 17 जून तक गर्मी के साथ उमस भरा मौसम रहने का अनुमान है। कोंकण और गोवा के कुछ इलाकों में 16 जून तक रात में भी गर्मी से बनी रहेगी।

## ट्रम्प ने जन्मदिन पर व्हाइट हाउस में कराई फाइटिंग

वॉशिंगटन डीसी, 15 जून (एजेंसी/देवव्रत संवाद)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप यानी मुकाबलों के साथ अपना 80वां जन्मदिन मनाया। वइस आयोजन पर करीब 6 करोड़ डॉलर (567 करोड़ रुपए) खर्च किए। ये अब तक का सबसे महंगा वञ्ज आयोजन माना जा रहा है। इस फाइट कार्ड में कुल 7 मुकाबले हुए। मेन फाइट लाइटवेट चैंपियन रहे इलिया टोपुरिया और जस्टिन गेथजे के बीच हुई। 4 राउंड तक चले मुकाबले में अमेरिकी फाइटर गेथजे ने अपने स्पेनिश विरोधी टोपुरिया को हराकर उलटफेर किया। गेथजे को लाइटवेट टाइटल बेल्ट मिली, जबकि टोपुरिया को अपने करियर की पहली हार मिली। मुकाबले देखने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, उनके कई सीनियर अफसर, खास मेहमान और हजारों सैन्यकर्मी मौजूद थे। पहले मुकाबले में बो निकल ने पहले ही राउंड में काइल डाउकस को नॉकआउट कर दिया। उन्होंने एक जोरदार लेफ्ट हुक और राइट पंच से प्रतिद्वंद्वी को गिराया, जिसके बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया। जीत के तुरंत बाद बो निकल रिंग से बाहर आए और सीधे राष्ट्रपति ट्रम्प के पास पहुंचे। दोनों ने हाथ मिलाया और कुछ देर बातचीत की। राष्ट्रपति ट्रम्प और कई अधिकारियों ने आयोजन की तारीफ की। ट्रम्प ने इसे ह्यधरती का सबसे बड़ा शोह्न बताया और क्लॉ की तुलना पेरिस के एफिल टॉवर से की।

# 17 को कोटा चलो, राहुल की अपील, पेपर लीक के खिलाफ एकजुट हो युवा



नई दिल्ली, 15 जून (देवव्रत संवाद)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को छात्रों और नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं से 17 जून को राजस्थान के कोटा में होने वाले छात्रों की गूंज विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। विपक्ष के नेता ने सरकार पर आरोप लगाया कि बार-बार परीक्षा के पेपर लीक होने, परीक्षाएं रद्द होने और भर्ती प्रक्रिया में देरी के कारण सरकार भारत के युवाओं को निराश करने में विफल रही है। गांधी ने पर कहा कि आज के भारत में युवाओं को सपने देखने की हिम्मत करने के लिए सजा दी जा रही है और कड़ी मेहनत से अब सफलता की गारंटी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि हर पेपर लीक, रद्द हुई परीक्षा और रुकी हुई भर्ती प्रक्रिया एक सिस्टम की विफलता है और यह लाखों छात्रों और नौकरी चाहने वालों के सपनों पर एक चोट है। युवाओं में निराशा और गुस्से को समझते हुए गांधी ने कहा कि जब सरकार सुनने से इनकार कर दे, तो लोगों को अपनी आवाज और जोर से उठानी चाहिए। उन्होंने छात्रों से कोटा में एकजुट होने और अपनी चिंताओं को ऐसा बनाने के लिए कहा जिन्हें नजरअंदाज करना नामुमकिन हो। गांधी ने इस अभियान को भारत के युवाओं के भविष्य की लड़ाई बताते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर एक ऐसी दहाड़ बनें जिसे नजरअंदाज न किया जा सके। कोटा से शुरू होकर, यह देश के हर कोने तक पहुँचे। कांग्रेस ने परीक्षा में गड़बड़ी, पेपर लीक और सरकारी भर्ती में देरी जैसे मुद्दों को एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश की है और छात्रों तथा नौकरी के उम्मीदवारों से जुड़ी चिंताओं को लेकर केंद्र सरकार को घेरा है। गांधी ने कहा कि वे निष्पक्ष अवसरों और रोजगार के लिए छात्रों के संघर्ष में उनके साथ खड़े हैं।

## पश्चिमी यूपी में बदला मौसम, तेज आंधी शुरू

लखनऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)। यूपी में प्री-मानसून एक्टिव हो गया है। बदायूं में सोमवार को तेज बारिश के साथ ओले गिरे। हाथरस, आगरा और एटा में काले बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलीं। गाजियाबाद, अलीगढ़ और मेरठ में भी तेज आंधी के साथ बारिश हुई। कई जगह 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। सुबह मेरठ के मवाना क्षेत्र में करीब 2 घंटे बारिश हुई। मौसम विभाग ने सोमवार को यूपी के 32 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया था। हरियाणा के आसपास पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है। इसके चलते प्री-मानसून की बारिश हो रही है। 17 से 20 जून के बीच मानसून यूपी में सोनभद्र और ललितपुर के रास्ते एंट्री कर सकता है। अभी मानसून बिहार तक पहुंच चुका है। बरेली में मौसम का मिजाज बदल गया है। दिनभर की भीषण गर्मी के बाद शाम होते ही आसमान में बादल छा गए और ठंडी हवाएं चलने लगीं। हाथरस में सोमवार शाम मौसम का मिजाज बदल गया। दिनभर की गर्मी के बाद शाम करीब 5 बजे आसमान में घने बादल छा गए और करीब 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी चली। मौसम विभाग के अनुसार, कल अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था,

# ब्रिटेन में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर लगा बैन



लंदन, 15 जून (एजेंसी/देवव्रत संवाद)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने सोमवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर देशव्यापी रोक लगाने की घोषणा की। इस फैसले के साथ, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और मलेशिया के बाद वङ ऐसा प्रतिबंध लगाने वाला चौथा देश बन गया है। स्टारमर ने साफ किया कि टेक्नोलॉजी कंपनियों और आलोचकों की तरफ से आने वाली संभावित चुनौतियों के बावजूद सरकार पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूँ कि यह संदेश साफ-साफ सुना जाए। मैं हमारे बच्चों की सुरक्षा और खुशी से कोई समझौता करने को तैयार नहीं हूँ। इसीलिए यह प्रतिबंध जरूरी है और इसीलिए यह प्रतिबंध लागू किया जाएगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने माना कि ऐसा कदम उठाना आसान नहीं होगा, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकारें यह नहीं मान सकतीं कि समस्या उनके नियंत्रण से बाहर है। स्टारमर ने कहा कि हमारे पास कुछ करने की क्षमता है। हम चीजें बदल सकते हैं और हम चीजें बदलेंगे। उन्होंने तर्क दिया कि नीति-निमार्ताओं को इस सोच का विरोध करना चाहिए कि युवाओं पर सोशल मीडिया के असर से निपटना असंभव है। स्टार्मर ने बच्चों पर सोशल मीडिया के असर को लेकर चेतावनी दी इस बैन के पक्ष में बात करते हुए स्टारमर ने कहा कि सोशल मीडिया बच्चों की रोजमर्रा की ज़िंदगी पर तेजी से असर डाल रहा है और उनकी सेहतमंद दिनचर्या और विकास में बाधा डाल रहा है। उनके अनुसार, सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों को उन गतिविधियों से दूर रखता है जो उनके विकास के लिए जरूरी हैं, जैसे पढ़ाई-लिखाई, दोस्तों के साथ समय बिताना और अच्छी नींद लेना।

# भारत में घुस रहे बांग्लोदशी घुसपैठियों को हम स्वीकार नहीं करेंगे-बीएसएफ



नई दिल्ली, 15 जून (देवव्रत संवाद)। पश्चिम बंगाल के नदिया से लेकर असम के मनकाचर तक घुसपैठ की लगातार कोशिशें यह साबित कर रही हैं कि बांग्लादेशी घुसपैठिए और उन्हें संरक्षण देने वाले तत्व भारत की सीमा को कमजोर समझने की भूल कर रहे हैं। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। सीमा सुरक्षा बल और असम पुलिस ने जिस सख्ती और साहस के साथ इन घुसपैठियों को रोकने का अभियान चलाया है, उसने साफ कर दिया है कि भारत किसी भी कीमत पर अवैध घुसपैठ को स्वीकार नहीं करेगा।

हम आपको बता दें कि नदिया जिले के मुरुतिया इलाके में पिछले तीन दिनों से भारत बांग्लादेश सीमा पर तनाव बना हुआ है। सीमा सुरक्षा बल और बांग्लादेश सीमा रक्षक बल के बीच 12 लोगों को लेकर टकराव की स्थिति बनी हुई है। बांग्लादेश की ओर से दावा किया गया कि ये लोग भारतीय नागरिक हैं, लेकिन सीमा सुरक्षा बल ने इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। भारतीय अधिकारियों ने साफ कहा कि ये सभी बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं और इन्हें किसी भी हाल में भारतीय सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब बांग्लादेश की ओर से भीड़ इकट्ठा कर सीमा सुरक्षा बल पर दबाव बनाने की कोशिश की गई। सीमा पर गाली गलौज और उकसावे की घटनाएं भी सामने आईं, लेकिन भारतीय जवान चट्टान की तरह डटे रहे।

# अब भारत में बनेगा राफेल विमान, हुआ समझौता

## पीएम मोदी और मैक्रों ने द्विपक्षीय संबंधों के लगभग सभी अहम क्षेत्रों पर की चर्चा-मिस्त्री

नई दिल्ली, 15 जून (देवव्रत संवाद)। भारत जो अब एक तरह से रक्षा क्षेत्र में जो भारत का परिपेक्ष है वह यह है कि ज्यादा से ज्यादा आगे जाते हुए मेक इन इंडिया के कांसेप्ट को आगे ले जाते हुए डेवलपमेंट को डिजाइन को प्रोडक्शन और को मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में जाना चाहते हैं और इस इसके चलते जितना जितना ज्यादा प्रोडक्शन जितना ज्यादा डिजाइन जितनी ज्यादा मैन्युफैक्चरिंग भारत में हो सके उतना कितना अच्छा है और वो प्रेफरेंस रहेगी। पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैनुअल मैक्रों की मुलाकात में रक्षा सहयोग एक बार फिर प्रमुख एजेंडे में रहा। खासतौर पर राफेल लड़ाकू विमान कार्यक्रम को लेकर दोनों देशों के बीच चर्चा हुई। इस बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने खुद इस बात की



जानकारी दी कि राफेल को लेकर भारत और फ्रांस के बीच चर्चा आगे बढ़ चुकी है और अब फोकस सिर्फ खरीद पर नहीं बल्कि भारत में निर्माण और तकनीक साझेदारी पर है। विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने बताया कि पीएम मोदी और मैक्रों ने द्विपक्षीय संबंधों के लगभग सभी अहम क्षेत्रों पर चर्चा की। इसमें रक्षा, सुरक्षा, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, व्यापार, निवेश, तकनीक, इनोवेशन, शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क जैसे विषय शामिल रहे। राफेल कार्यक्रम पर पूछे गए सवाल के जवाब में विदेश सचिव ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत में अच्छी प्रगति हुई। हालांकि उन्होंने किसी नई डील या संख्या का खुलासा नहीं किया।

लेकिन यह जरूर स्पष्ट किया कि भारत की प्राथमिकता अब रक्षा प्लेटफार्म खरीदने से आगे बढ़कर उन्हें देश में विकसित और निर्मित करने की है। विदेश सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार मेक इन इंडिया, को डेवलपमेंट, को डिजाइन और को प्रोडक्शन के मॉडल पर जोर देते रहे हैं। यही सोच राफेल समेत भविष्य की सभी रक्षा परियोजनाओं में दिखाई दे रही है। भारत की वायु सेना राफेल को ऑपरेट करती है और उसके चलते दोनों देशों की सरकारों और दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच में बातचीत आगे बढ़ी है। जहां तक आपने राफेल के इंडीजनाइजेशन की बात की हमारा मानना हमेशा रहा है और प्रधानमंत्री जी ने भी अपने सारी जो उनकी मीटिंग्स हुई हैं। उनमें इस बात पे बल दिया है कि भारत जो अब एक तरह से रक्षा क्षेत्र में जो भारत का परिपेक्ष है वो ये है कि ज्यादा से ज्यादा आगे जाते हुए मेक इन इंडिया के कांसेप्ट को आगे ले जाते हुए हम को डेवलपमेंट को डिजाइन को प्रोडक्शन और को मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में जाना चाहते हैं और इस इसके चलते जितना जितना ज्यादा प्रोडक्शन जितना ज्यादा डिजाइन जितनी ज्यादा मैन्युफैक्चरिंग भारत में हो सके उतना अच्छा है और वह हमारी हमारी प्रेफरेंस रहेगी। विदेश सचिव ने यह भी कहा कि चाहे राइफल हो या कोई अन्य रक्षा प्लेटफार्म भारत चाहता है कि उसमें अधिकतम स्थानीय सामग्री स्थानीय निर्माण यानी कि लोकल मैन्युफैक्चरिंग और भारतीय उद्योग की भागीदारी हो। भारत फ्रांस रक्षा सहयोग को भी इसी दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। आपको बता दें भारत ने फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीदे थे जिसकाइस्तेमाल हमारी भारतीय वायुसेना कर रही है। यह विमान भारतीय वायुसेना के दो स्क्वाड्रन में शामिल है और अंबाला और हाशिमारा एयरबेस पर तैनात है।

## जन-भागीदारी से बदलेगी यमुना की तस्वीर- रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, 15 जून (देवव्रत संवाद)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी के 28 घाटों पर यमुना की सफाई का एक बड़ा अभियान चलाया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। इस अभियान का मकसद नदी और उसके आस-पास के इलाकों की सफाई करना था। गुप्ता ने इस अभियान में लोगों की अलग-अलग तरह की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि रविवार को दिल्ली के 28 घाटों पर यमुना की सफाई का एक बड़ा अभियान शुरू किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। मैंने देखा कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस सफाई अभियान में भाग लिया। सफाई अभियान के दौरान मिले कचरे के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि वहाँ हमें प्लास्टिक की थैलियाँ, पूजा-पाठ का सामान और टूटी हुई मूर्तियाँ मिलीं।

# जीवन रक्षक दावों के मूल्य में बढ़ोतरी कर मंहगाई का बोझ और बढ़ाया गया

ऐसे वक्त में जब महंगाई के कारण जीवनयापन कठिन हो रहा है, नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी यानी एन.पी.पी.ए. द्वारा कुछ जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में वृद्धि की इजाजत देना कमजोर वर्गों के लिए कंगाली में आटा गीला होना जैसा है।एन.पी.पी.ए. द्वारा जिन दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की इजाजत दी गई है, उनमें कुछ कैंसर की दवाएं, एंटी-टेटनस सीरम और बच्चों के टीकों की कीमतों में पचास प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। निश्चय ही यह फैसला पब्लिक हेल्थ पॉलिसी से जुड़ी विसंगतियों को दशार्ता है। निस्संदेह, भारत जैसे देश में जरूरी दवाओं को सस्ता रखना बेहद जरूरी है, जहां बहुत से परिवार इलाज का खर्च अपनी जेब से उठाते हैं।वहीं दूसरी ओर, यह भी जरूरी है कि जीवनरक्षक दवाओं की बाजार में सहज उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बहुत संभव है कि अमेरिका-ईरान युद्ध संकट से बाधित आपूर्ति शृंखला के चलते कुछ दवाइयों व टीकों की कीमतों में बढ़ोतरी को तार्किक बताया जाए, लेकिन चिकित्सा व्यवस्था में अमीर-गरीब की आर्थिक क्षमता को लेकर उठने वाले सवाल न्यायसंगत ही कहे जाएंगे। दरअसल, एन.पी.पी.ए. ने दवाओं की कमी और बढ़ती लागत को कीमत वृद्धि का कारण बताया है। दलील दी गई कि यदि दवा बनाने वाली कंपनियां इनकी उत्पादन लागत नहीं निकाल पाती हैं तो वे खुले बाजार में इन दवाइयों की आपूर्ति बंद कर सकती हैं।लेकिन इसके बावजूद गरीब तबके की सीमाओं और आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

बहरहाल, इस बाबत दी गई दलीलों के बावजूद एक सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता कि इस देश में करोड़ों लोग बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च उठाने के लिए संघर्ष करते हैं। निर्विवाद रूप से कैंसर के इलाज और बच्चों को बीमारियों से बचाने वाली दवाइयों की कीमतों में पचास फीसदी बढ़ोतरी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गहरे आर्थिक संकट में डाल सकती हैं। मरीजों के लिए इलाज के खर्च में दवाओं के अलावा, रोग की जांच, दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़े अस्पतालों तक की यात्रा, अस्पताल में भर्ती होने का खर्च तथा इस दौरान होने वाली आय की हानि भी शामिल होती है।ऐसे में दवाओं की कीमतों में वृद्धि का अतिरिक्त बोझ उन्हें इलाज और जीवित रहने के बीच कई मुश्किल फैसले लेने को मजबूर कर सकता है। इसका समाधान किफायती होने और उपलब्धता के बीच चयन करने में नहीं है, बल्कि एक ऐसा तंत्र विकसित करने में है, जो दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके।सरकार को सरकारी अस्पतालों के लिए दवा खरीद व्यवस्था को पारदर्शी व मजबूत बनाने की जरूरत है। उसे सरकारी अस्पतालों के जरिये बिना किसी बाधा के दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।साथ ही, स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में जरूरी दवाइयों को भी शामिल करना चाहिए, जिससे खास सब्सिडी के जरिये गरीब मरीजों को अचानक कीमतों में बढ़ोतरी से बचाया जा सके।इसके अलावा, दवाइयों की कीमतों से जुड़ी नीतियों की समय-समय पर समीक्षा भी होनी चाहिए, जिससे पता चल सके कि वास्तव में दवाइयों की लागत में कितनी वृद्धि हुई है।

# अमेरिका व ईरान के बीच बने समझौता मसौदे के वैश्विक मायने

• कमलेश पांडे

अमेरिका और ईरान के बीच हाल में उभरे समझौता-ढांचे को यदि अंतिम रूप मिल जाता है, तो इसके प्रभाव केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया, वैश्विक ऊर्जा बाजार और विश्व राजनीति पर पड़ेंगे। समझौते में युद्धविराम, परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण, तेल प्रतिबंधों में राहत, ईरान की जमी हुई संपत्तियों की रिहाई तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने जैसे मुद्दे शामिल बताए जा रहे हैं।यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। आइए इसके वैश्विक मायने को क्रमशः समझते हैं:-

पहला, वैश्विक ऊर्जा बाजार को मिलेगी बड़ी राहतः होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के तेल और छठऋ्व्यापार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर रणनीति पूर्वक ईरान ने अपना मजबूत कब्जा जमा लिया है। लिहाजा, इसके खुलने और तनाव घटने से कच्चे तेल की आपूर्ति सामान्य हो सकती है, जिससे तेल की कीमतों पर दबाव कम होगा। समझौते की खबर आते ही वैश्विक बाजारों में तेल कीमतों में गिरावट और शेयर बाजारों में तेजी देखी गई।

दूसरा, पश्चिम एशिया में घटेगा युद्ध का खतराः यदि अमेरिका-ईरान टकराव कम होता है, तो लेबनान, इराक, सीरिया और खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव कम होने की संभावना बढ़ेगी। समझौते के तहत क्षेत्रीय संघर्षों को शांत करने की बात भी सामने आई है। इससे भारत को लाभ यह होगा कि यूरोप, अरब देशों, मध्य एशिया के देशों और रूस के साथ विकसित होने वाले महत्वपूर्ण व्यापारिक परिवहन कॉरिडोर के काम में गति आएगी।

तीसरा, परमाणु प्रसार पर नियंत्रणः ईरान द्वारा परमाणु हथियार न बनाने, यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने तथा परमाणु गतिविधियों पर नियंत्रण की दिशा में सहमति अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।इससे मध्य पूर्व में परमाणु हथियारों की दौड़ पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। साथ ही, पाकिस्तान पर भी परमाणु हथियार हटाने का दबाव बढ़ेगा।चौथा, चीन और रूस की रणनीति पर असरः पिछले वर्षों में ईरान, चीन और रूस के बीच रणनीतिक निकटता बढ़ी थी। इससे भारत की भी परेशानी बढ़ रही थी, क्योंकि ईरान-पाकिस्तान-अफगानिस्तान के आतंकवादी कॉरिडोर को नियंत्रित करने में अमेरिका-चीन के षड्यंत्रकारी बाधक बन रहे थे। रूस भी मजबूरी में ईरान को साथ दे रहा है। ऐसे में यदि अमेरिका-ईरान संबंध सुधरते हैं, तो तेहरान को पश्चिमी निवेश और बाजारों तक पहुंच मिल सकती है, जिससे उसकी चीन और रूस के अलावा पाकिस्तान पर रणनीतिक निर्भरता कुछ कम हो सकती है। यह वैश्विक शक्ति-संतुलन में महत्वपूर्ण बदलाव होगा।

पांचवां, भारत के लिए क्या मायने ?: भारत के लिए यह समझौता कई कारणों से सकारात्मक हो सकता हैः- एक,

तेल आयात व अन्य सामान के सस्ता होने की संभावना बढ़ेगी। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा बेहतर होगी। चाबहार बंदरगाह और भारत-ईरान व्यापार को नई गति मिल सकती है। पश्चिम एशिया में स्थिरता भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी। यहां चीनी हस्तक्षेप कम होने से भारत पश्चिमी मोर्चे पर मजबूत होगा।





छठा, लेकिन चुनौतियां अभी बाकी हैंः चूंकि समझौते पर अभी भी पूर्ण सहमति नहीं बनी है, क्योंकि चीन-रूस दिल से ऐसा नहीं चाहते। लिहाजा, ईरान के कट्टरपंथी गुट इसका विरोध कर रहे हैं और इजराइल-हिज्बुल्लाह मोर्चे पर तनाव भी बना हुआ है।चूंकि कट्टरपंथियों ने बलिदान देकर ईरान को इतना मजबूत बनाया है। इसलिए उनके खिलाफ कोई भी ईरानी सरकार नहीं जा सकती। यही वजह है कि कई रिपोर्टों में कहा गया है कि अंतिम हस्ताक्षर और कार्यान्वयन अभी अनिश्चित हैं।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है।इससे तेल बाजार स्थिर होंगे, परमाणु संकट टलेगा, पश्चिम एशिया में शांति की संभावना बढ़ेगी और भारत सहित अनेक देशों को आर्थिक लाभ मिलेगा। लेकिन इसकी स्थिरता इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिका, ईरान, इजराइल और क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने वादों का कितना पालन करती हैं। मेरी राय में यह समझौता जितनी जल्दी हो जाए, भारतीय हित उतनी जल्दी ही सधने शुरू जाएंगे।

वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# जब सुनवाई न हो तो विकल्प क्या है?

• राकेश अचल



यदि मंदिर में आशीर्वाद, अस्पताल में उपचार और अदालत में न्याय न मिले तो आप कहाँ जाएंगे ? कौन सा दरवाजा खटखटाएंगे ? जाहिर है कि आप जनता की अदालत में दस्तक देंगे. लेकिन जनता की अदालत पांच साल में एक बार सुनवाई करती है.

भारत में अस्पताल, मंदिर और अदालतें कम ही छुट्टी मनाती हैं. मंदिर केवल ग्रहण के दिन बंद होता है. अस्पताल और अदालत आपातकाल के लिए सदैव खुली रहतीं हैं, लेकिन निराशा तब होती है जब कि वहाँ आपकी अर्जी सुने बिना ही खारिज कर दी जाती है. क्योंकि अदालत को किसी भी अर्जी को स्वीकार और खारिज करने का विशेष विवेकाधिकार संविधान ने दिया है.

कांग्रेस की मुखर नेता मीनाक्षी नटराजन सिर्फ इसलिए राज्यसभा नही जा सकीं क्योंकि देश क सबसे बडी अदालत ने उनकी अर्जी खारिज कर दी. अब लोकतंत्र में आम आदमी को बहुत से अधिकार दिए हैं किंतु अदालत के अंतिम निर्णय के खिलाफ अनशन करने का अधिकार नहीं दिया.ये अधिकार क्यों नहीं दिया गया, इसके पक्ष और विपक्ष में तमाम तर्क, कुतर्क किए जा सकते हैं.अस्पताल में इलाज न मिले, मिले तो गलत मिले इस पर लोग डाक्टर का गिरेबान पकड लेते हैं. झूमाझटकी हो जाती है. मंदिर में आशीर्वाद न मिले और मनोकामन पूरी न हो तो भक्त अनशन कर सकता है लेकिन अदालत के खिलाफ ऐसा कुछ करने पर आप जेल जा सकते है. अदालत सब कुछ सह लेती है किंतु अपनी अवमानना बर्दास्त नहीं करती. अदालत यदि सुप्रीम नही रहेगी तो देश अराजक हो जाएगा. देश अदालत के नये रुख से यूँ भी गर्त में जा ही रहा है.आजतक अदालतें कामबाढ के बोझ से परेशान हैं, चिडचिडी हो गई हैं. वे जिरह के दौरान असहिष्णु हो जाती हैं क्योंकि उनके पास और कोई विकल्प नहीं. अदालतें जनता को न्याय दिलाने के लिए बनी हैं न कि सरकार बचाने के लिए. पर अब जिस ढंग से अदालतें आधे, अधूरे फैसले दे रहीं है या फैसले सुनाने के बजाय उन्हे बेमियाद सुरक्षित रख रही हैं, उसे देखकर लगता है कि दूसरी संवैधानिक संस्थाओं की तरह उनकी ताव भी कम हो रही है, जो शुभ नहीं, अशुभ है.अब जनता की अदालत बचती है एकमात्र रास्ता. जनता की अदालत में भी सिस्टम ने ईवीएम रख दी है. वो ईवीएम जो संदिग्ध हो चुकी है. नतीजे सरकार के पक्ष में देनै वाली ईवीएम भी अब काबिले यकीन नहीं रही. जौहर कर रही है ईवीएम मशीनें.भारत में संविधान है, असंख्य कानून हैं, अदालते हैं लेकिन कानून का राज नहीं है. कानून पर राज किसी और का है. कानून के राज की अनुपस्थिति लोकतंत्र के लिए सबसे बडा खतरा है. इसे टाला जाना चाहिए. नहीं टाला गया तो जेन जी आएंगे. कोकरोच आएंगे.अब तय अदालतों को करना है.भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, विज्ञानं, रेल, बस, हवाई अड्डे, बंदरगाह सब निजी क्षेत्र के लिए खोले जा चुके हैं, तो क्या भविष्य में न्यायालय भी निजी क्षेत्रों को सौंपकर त्वरित न्याय का विकल्प तलाशा जा सकता है ?




## सिने जगत

# कुमकुम भाग्य एक्ट्रेस संचिता उगले ने किया आत्महत्या



टीवी एक्ट्रेस संचिता उगले ने रविवार रात को सुसाइड कर लिया। वे 22 साल की थीं। पुलिस ने बताया कि एक्ट्रेस का शव घर में सीलिंग फैन से लटका मिला। उन्होंने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाई।

सहायक पुलिस निरीक्षक विनोद वाघ ने मीडिया को दिए बयान में कहा, हमारी टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। घटना के समय वे घर में अकेली थीं। उनके पिता ने बेटी की मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया।

संचिता अपने माता-पिता के साथ महाराष्ट्र के पालघर में रहती थीं। रविवार शाम करीब 5:30 बजे उनकी बहन अंजली घर से बाहर गई थी।उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था।इसी दौरान संचिता ने अपने बेडरूम के सीलिंग फैन से साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

उन्हें तुरंत महानगरपालिका के तुलिंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे टीवी सीरियल ह्यकुमकुम भाग्यह्न और ह्यवागले की दुनियाह्न में नजर आई थीं। पुलिस ने उनका शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

संचिता के निधन से ठीक कुछ घंटों पहले ही उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक रील पोस्ट की गई थी। वीडियो में एक्ट्रेस 'डफली वाले, डफली बजा' गाने पर लिपसिंक करती दिखी थीं। इस वीडियो के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा था, मैं नाचूं, तू नचा।

कमेंट सेक्शन में एक्ट्रेस के फैंस उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव थीं और लगातार पोस्ट करती रहती थीं। उनके इंस्टाग्राम पर 1 लाख 39 हजार फॉलोअर्स हैं।

संचिता के चचेरा भाई आकाश उगले ने मीडिया से बातचीत में दावा किया है कि संचिता को फिल्म इंडस्ट्री द्वारा दबाया जा रहा था।उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत से जुड़ा सोशल मीडिया का एक वीडियो दिखाते हुए दावा किया है कि ये संचिता की फर्जी आईडी से पोस्ट किया गया है, जिसमें लिखा था, ह्यआज फिर 14 जून हैह्न।भाई ने मीडिया से बातचीत में कहा, मेरी बहन बहुत डर गई थी। इंडस्ट्री दबा देती है, धमकी देती है। जैसा सुशांत के साथ किया, उसे अंदर से खोखला कर दिया।इसमें बड़े-बड़े लोगों का हाथ होता है।यहां पावर गेम होता है।हमारे जैसे मिडिल क्लास के लोग आगे जाते हैं, तो उसे दबा दिया जाता है।चचेरे भाई द्वारा बताए गया इंस्टाग्राम अकाउंट संचिता उगले के फैन पेज की तरह दिखता है।हालांकि भाई ने दावा किया है कि ये अकाउंट संचिता खुद चलाती थीं। ये अकाउंट 2 जून को बनाया गया है।पेज के सभी वीडियो संचिता के थे, हालांकि 14 जून को पोस्ट किया गया आखिरी वीडियो सुशांत सिंह राजपूत का था। कथित तौर पर इस वीडियो के पोस्ट किए जाने के बाद संचिता ने आत्महत्या की है।संचिता उगले ने कई टीवी शो और फिल्मों में काम किया। वे लोकप्रिय टीवी शो 'कुमकुम भाग्य', 'वागले की दुनिया' जैसे कई शो का हिस्सा रह चुकी थीं। आखिरी बार वे दंगल टीवी चैनल के शो ह्यसाजन घर मेंह्न नजर आई थीं। वे पॉपुलर शो ह्यदिलवाली दूल्हा ले जाएगी में सौरभ बेदी के साथ लीड रोल में नजर आ चुकी हैं।

संचिता ने फिल्म 'छावा' में भी काम किया था। इसमें वे ताराबाई के किरदार में नजर आई थीं।फिल्म मुख्य भूमिकाओं में विक्की कौशल और अक्षय खन्ना नजर आए थे।

इसके अलावा संचिता ने मनोज बाजपेई के साथ 'साइलेंस 2ः द नाइट आउल बार शूटआउट' में भी काम किया था।

घटना की जानकारी सामने आने के बाद (ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन) के प्रेसिडेंट सुरेश श्यामलाल गुप्ता ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फणडवीस से मामले की निष्पक्ष जाने करवाने और हाई-लेवल इंक्वायरी की अपील की है।

# मानवता ने चुकाई महत्वाकांक्षी युद्धों के लिए भारी कीमत

• सुरेश सेठ

अमेरिका-ईरान युद्ध से यूं तो पूरी दुनिया प्रभावित है, लेकिन विकासशील अर्थव्यवस्थाएं गहरे तक प्रभावित हो रही हैं। सदियों से महाशक्तियों की महत्वाकांक्षा का खमियाजा वे लोग भुगतते हैं, जिनकी युद्ध में कोई भूमिका नहीं होती।पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से विश्व अलग-अलग क्षेत्रों में युद्ध की विभीषिका झेल रहा है।रूस-यूक्रेन युद्ध? के चलते दोनों देशों की संपत्ति और विश्व आपूर्ति शृंखला को नुकसान हुआ। दुनिया की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाई और श्रम शक्ति का विस्थापन हुआ। लेकिन लड़ाई समाप्त होने का नाम नहीं ले रही।

पश्चिमी एशिया में अमेरिका, इस्त्राइल और ईरान के बीच जारी तनाव और अस्थिर संघर्ष, भले ही टलने की स्थिति में दिखे, लेकिन यह मानवता के लिए गंभीर क्षति पहुंचा रहा है। साथ ही चीन-ताइवान तनाव से एक और वैश्विक युद्ध का खतरा बढ़ता दिखता है। यदि यह संघर्ष भारत की सीमाओं तक पहुंचा, तो न केवल विश्व अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी, बल्कि भारत भी तमाम आर्थिक चुनौतियों का सामना कर सकता है।

अमेरिका-ईरान युद्ध से यूं तो पूरी दुनिया प्रभावित है, लेकिन विकासशील अर्थव्यवस्थाएं गहरे तक प्रभावित हो रही हैं। यह युद्ध 28 फरवरी को अमेरिका द्वारा खाड़ी स्थित ईरान को परमाणु शक्ति बनने से रोकने और संवर्धित यूरेनियम पर कब्जा करने के कथित लक्ष्य के साथ शुरू हुआ। वास्तव में इस्त्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का युद्ध में कूदने का उद्देश्य अपनी राजनीतिक सुरक्षा था। अमेरिका ने अपनी शक्ति पर गुमान करते हुए युद्ध छेड़ा, लेकिन इसके परिणामस्वरूप संघर्ष की विभीषिका से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था चरमरा गई।

इस संघर्ष का परिणाम यह हुआ कि अमेरिका-ईरान युद्ध में 14 देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हो गए, क्योंकि खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डे स्थित थे। ईरान ने मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। दो महीने बाद शांति वार्ता शुरू हुई, लेकिन दोनों पक्ष बातचीत के लिए तैयार नहीं थे। अमेरिका संवर्धित यूरेनियम पर कब्जा और होर्मुज मार्ग खुलवाना चाहता है, जबकि ईरान के फ्रीज खातों को खोलने और प्रतिबंध हटाने पर सहमति नहीं दे रहा था।

दूसरी ओर, ईरान ने होर्मुज के मुहाने पर नाकाबंदी कर दी है, जिससे तेल और गैस के टैंकर अटक गए हैं। अमेरिका भी ओमान की खाड़ी में नाकाबंदी कर रहा है। इससे दुनिया भर में कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और उनसे बनने वाले उत्पादों की आपूर्ति का संकट पैदा हुआ है, जिससे तमाम देशों में महंगाई और ऊर्जा संकट उत्पन्न हो गया है।

आर्थिक विश्लेषक कहते हैं कि इस युद्ध? के कारण दुनिया को इस समय तक अनुमानित 474 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो चुका है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन चेताता है कि अगर यूं ही ऊर्जा आपूर्ति बाधित रही तो पूरी दुनिया की जीडीपी घट जाएगी और रोजगार के अवसर समाप्त हो जाएंगे।ईरान की परमाणु शक्ति, होर्मुज मार्ग, फ्रीज की गई संपत्तियां और लेबनान में हिज्बुल्लाह से जुड़े मुद्दे शांति स्थापना में प्रमुख बाधाएं हैं। यद्यपि अमेरिका और ईरान ने युद्धविराम बढ़ाया था, फिर भी परमाणु कार्यक्रम और फ्रीज फंडों को लेकर दोनों के मतभेद लंबे समय तक बने रहे। इन विवादों के कारण संघर्ष पूरी तरह समाप्त नहीं हो पा रहा था।

विश्व की शक्तियों को समझना चाहिए कि युद्ध? को लंबे समय तक नहीं चलाया जा सकता। अमेरिकी संसद बार-बार कहती रही है कि यह युद्ध? तुरंत बंद होना चाहिए लेकिन ट्रम्प अपनी विजेता की छवि बनाकर ही इस युद्ध? से निकलना चाह रहे थे, जो तत्काल संभव नजर नहीं आता था। ईरान ने अमेरिका जैसी महाशक्ति और इस्त्राइल की एकजुटता से मुश्किल लड़ाई लड़ी है, लेकिन अमेरिका का लगातार प्रतिरोध किया है। किसी भी समाधान के लिए दोनों पक्षों को लचीलापन दिखाना चाहिए, ताकि युद्ध की विभीषिका खत्म हो। तभी विश्व की आपूर्ति श्रृंखला को सामान्य बनाया जा सकता है।

यह भी हकीकत है कि पाकिस्तान और कतर के बैक-चैनल प्रयास तक अमेरिकाझ्रईरान टकराव का समाधान समय रहते खत्म कर पाये। जिससे काफी समय तक सीमित युद्ध और होर्मुज नाकाबंदी जारी रही। जिसके कारण दुनिया आर्थिक संकट, महंगे ईंधन और ऊर्जा की कमी जैसी समस्याओं का सामना करती रही। परिणामस्वरूप, वैश्विक स्तर पर आर्थिक अस्थिरता बढ़ती रही ।

वहीं दूसरी ओर आशंका जतायी जा रही है कि इस्त्राइलझ्रहिज्बुल्लाह की झड़पें लेबनान में बड़े युद्ध का रूप ले सकती हैं।

जिसका ईरान लगातार विरोध करता रहा है। यह मुद्दा भी समझौते होने में बाधक बना रहा है।

युद्ध के चलते स्थिति इतनी गंभीर है कि 14 देशों का एयरस्पेस बंद हो गया है, हजारों उड़ानें रद्द या डाइवर्ट हुई हैं, और ईंधन की कीमतें 130 प्रतिशत बढ़ गई हैं। खाड़ी और भारत के यात्रा रूट पर टिकटों की कीमतें भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हैं। आर्थिक संकट आम आदमी की जीवनशैली पर भारी पड़ रहा है और विकास के लक्ष्य बेअसर हो रहे हैं। इस बीच, हथियार व्यापार और युद्धरत देशों की राजनीति मानवता और शांति के मूल्यों को भूलती नजर आ रही है। इस समय शांति और अहिंसा के संदेश कोरे भाषण लगने लगे हैं।

लेखक साहित्यकार हैं।

# धर्म के नाम पर लाठी, अधिकार के लिए कलम क्यों नहीं !

• इंद्र यादव



आज के समय में एक सवाल बार-बार उठता है– क्या हमें धर्म के नाम पर लाठी उठाना सिखाया जा रहा है, जबकि अधिकार हासिल करने के लिए कलम उठाने की शिक्षा दी जानी चाहिए! सरकारें भक्त चाहती हैं, जागरूक नागरिक नहीं। यह बात कड़वी है, लेकिन सच्ची है।

देश में बार-बार ऐसे दृश्य देखने को मिलते हैं, जहां धर्म का नाम लेकर भीड़ इकट्ठी होती है, लाठियां चलती हैं, नारेबाजी होती है और हिंसा की आग सुलग जाती है। कुछ लोग इसे ह्लधर्म रक्षाह्व बताते हैं। लेकिन असल सवाल यह है–क्या धर्म की रक्षा लाठियों से होती है या संविधान की राह पर चलकर, शिक्षा और जागरूकता से !

जब कोई युवा धर्म के नाम पर उत्तेजित होकर सड़क पर उतरता है, तो वह सोचता भी नहीं कि असली लड़ाई तो शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और न्याय के लिए होनी चाहिए। स्कूलों में इतिहास पढ़ाया जाता है, लेकिन क्या वहां यह सिखाया जाता है कि असली शक्ति कलम में है, न कि लाठी में ! अफसोस की बात है कि कई जगहों पर युवाओं को उकसाया जाता है–धर्म का झंडा उठाओ, लेकिन सवाल मत पूछो। सरकार को भी यही पसंद है। क्योंकि जागरूक नागरिक सवाल पूछता है, जवाब मांगता है, भ्रष्टाचार उजागर करता है और अधिकारों की लड़ाई लड़ता है। भक्त चुप रहता है, ताली बजाता है।

देखिए, संविधान हमें बोलने की, लिखने की, संगठित होने की आजादी देता है। लेकिन जब कलम की जगह लाठी उठती है, तो लोकतंत्र कमजोर होता है। पिछले कई सालों में कई घटनाएं हुई हैं, जहां छोटी-सी बात पर धार्मिक भावनाएं भड़काई गईं और हिंसा हो गई। नुकसान किसका हुआ? आम आदमी का। दुकानें जलीं, गाड़ियां जल गईं, बेरोजगार युवा जेल गए और असली मुद्दे–महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा की कमी–पीछे छूट गए।

सरकारें क्यों भक्त पसंद करती हैं ! क्योंकि भक्त आसान होते हैं। वे सरकार की हर बात को सही मान लेते हैं। जागरूक नागरिक लेकिन सरकार से सवाल करता है–आपने वादे क्यों पूरे नहीं किए! रोजगार कहां है ! अस्पताल क्यों बदहाल हैं ! स्कूलों में बच्चे क्यों बुनियादी सुविधाओं के बिना पढ़ रहे हैं ? ऐसे सवाल भक्त नहीं पूछता, इसलिए सरकारें भी जागरूकता फैलाने वाले कार्यक्रमों की बजाय भावनात्मक मुद्दों पर ध्यान देती हैं।

असली जागरूकता का रास्ता

जागरूक नागरिक बनना आसान नहीं, लेकिन जरूरी है। हमें अपने बच्चों को यह सिखाना होगा कि.

धर्म व्यक्तिगत आस्था है, राज्य की हिंसा का हथियार नहीं।

अधिकार हासिल करने के लिए पढ़ना, लिखना और सोचना जरूरी है।

सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली नफरत की खबरों को जांचकर देखना चाहिए।

लाठी उठाने से पहले कलम उठाओ–आरटीआई दाखिल करो, पत्र लिखो, आवाज उठाओ। देश की तरक्की तभी संभव है जब युवा शक्ति भावनाओं के बजाय बुद्धि और ज्ञान पर चले। जो लोग धर्म के नाम पर हिंसा भड़काते हैं, वे न धर्म की सेवा करते हैं और न देश की। वे सिर्फ अपनी सत्ता और वोट बैंक की रोटी सेंकते हैं। समय आ गया है बदलाव का हम सबको मिलकर यह तय करना होगा कि आने वाली पीढ़ी को लाठीबाज बनाएंगे या कलमबाज! क्या हम भक्तों का झुंड बनेंगे या जागरूक, सवाल पूछने वाले नागरिक ! सरकार को याद दिलाना होगा कि वह जनता की सेवक है, मालिक नहीं। कलम अभी भी सबसे ताकतवर हथियार है। इसे उठाओ। पढ़ो, समझो, लिखो और बदलाव लाओ। धर्म के नाम पर लाठी उठाने वाले भविष्य में खुद पछताएंगे, जब उन्हें पता चलेगा कि असली शक्ति तो शिक्षा और जागरूकता में थी। जागो, पढ़ो, लड़ो–कलम से !

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भदोही में योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ

## पुलिस लाइन, ज्ञानपुर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

भदोही, 15 जून (देवव्रत संवाद)। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन, भदोही के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन, ज्ञानपुर में ह्ययोग सप्ताहह्न का भव्य शुभारंभ किया गया। 15 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय योग सप्ताह का उद्घाटन मुख्य अतिथि मा० जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी श्री शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी श्री बालगोविंद शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष चक तथा अन्य अधिकारियों द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं पौधा भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया। उद्घाटन सत्र के उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ह्लस्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगह्न निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शैलेष कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक विरासत है, जो शरीर, मन और आत्मा के समग्र विकास का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास



व्यक्ति को स्वस्थ, तनावमुक्त एवं ऊजार्वान बनाता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करने वाली एक वैज्ञानिक जीवन पद्धति है। वर्तमान समय की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने जनपदवासियों से करें योग, रहें निरोग के मूल मंत्र को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ, सशक्त एवं समृद्ध समाज के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीपक मिश्रा ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि योग आज पूरी दुनिया में भारत की पहचान बन चुका है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव त्यागी ने कहा कि योग के माध्यम से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। नियमित योगाभ्यास तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। मुख्य विकास अधिकारी श्री बालगोविंद शुक्ल ने कहा कि योग साधना मानव जीवन में सुख, शांति, अनुशासन एवं खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करती है तथा समाज में सकारात्मक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती है। योग सप्ताह के सफल संचालन एवं समन्वय के लिए डॉ. बृजराज पटेल, डॉ. अनूप मिश्रा, डॉ. जितेन्द्र एवं डॉ. शरद को समन्वयक नामित किया गया है। उनके निर्देशन में पूरे सप्ताह जनपद के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, संगोष्ठी तथा जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई कि वे योग सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों तथा 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

## पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई में फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु दिए आवश्यक निर्देश



भदोही, 15 जून (देवव्रत संवाद)। पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिनव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय भदोही में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों का अवलोकन करते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने में पूर्ण संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बरती जाए।

पुलिस अधीक्षक भदोही ने कहा कि भदोही पुलिस जनता की समस्याओं के समाधान, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनविश्वास को और अधिक मजबूत करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## ट्रेन की चपेट में आई युवती की हुई पहचान, मानसिक रूप से थी अस्वस्थ

गोपीगंज, 15 जून (देवव्रत संवाद)। कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे मिली अज्ञात युवती के शव की पहचान हो गई है। मृतका कोइरौना थाना क्षेत्र के शिवसेवक पट्टी निवासी दिनेश कुमार मिश्रा की 20 वर्षीय इकलौती पुत्री राधा मिश्रा है। पिता दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि राधा पिछले तीन-चार माह से मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। उसका भदोही के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार देर शाम वह अचानक घर से कहीं निकल गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला। रविवार को सुबह सूचना मिला की गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास अज्ञात युवती का शव मिला है। सूचना पर परिजन कोतवाली पहुंचे और शव की फोटो देखने के बाद मृतका की पहचान राधा मिश्रा के रूप में की। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# योग से ही निरोगी काया संभव सांसद-दर्शना सिंह



पीडीडीयू नगर (चंदौली), 15 जून (देवव्रत संवाद)। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में सात दिवसीय 'योग सप्ताह' (15 जून से 21 जून) का गरिमामयी शुभारंभ हुआ। इस वर्ष योग सप्ताह का मुख्य विषयस्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगरखा गया है। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सांसद, राज्यसभा दर्शना सिंह विधायक, चकिया कैलाश खरवार, जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग मुख्य विकास अधिकारी आर.जगत साँई व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भगवान धनवन्तरि के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर की गई। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माननीय सांसद, राज्यसभा दर्शना सिंह ने योग के विभिन्न आयामों और उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में विशेषकर वृद्धजनों के लिए, योग एक संजीवनी की तरह है। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक कैलाश खरवार ने योग के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहायोग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का मार्ग है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज भारतीय संस्कृति की यह अनमोल धरोहर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इसलिए हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक दूरदर्शिता के कारण ही आज योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है और यह पूरी दुनिया की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के दौरान जिले के विभिन्न हिस्सों में आम जनमानस, विशेषकर बुजुर्गों को योग के प्रति जागरूक करने और उन्हें योगाभ्यास कराने के लिए कई सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर योगा चार्य सहित, प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जन चैपाल लगाकर ग्रामीणो की समस्याएं सुनी, अधिकारियो को त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



मीरजापुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। प्रदेश के मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी अपने जनपद भ्रमण के दौरान देर शाम सिटी विकासखंड के ग्राम पिपराडाढ में जन चैपाल आयोजित कर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों से वार्ता कर क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। चैपाल में मंत्री द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओ को गम्भीरता पूर्वक सुना तथा उसके निस्तारण का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा कृषि फार्म पर वृक्षारोपण किया गया तथा आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग द्वारा संचालित व लगाए गए प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री द्वारा आंगनवाड़ी द्वारा संचालित गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम के तहत गर्भवती माताओं को पोषण पोटली दिया तथा नवनिहाल बच्चों को अन्नप्राशन कराया। इस अवसर पर ग्राम स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों से वार्ता कर कार्यों के बारे में समीक्षा की गई। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाएं गांव के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है तथा जनता की समस्याओ का समाधान उनके दरवाजे पर ही करना उद्देश्य है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी लाल बहादुर सरोज, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मझवा सूचिस्मिता मौर्य, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मवीर सिंह भाजपा के पदाधिकारी गौरव उमर, जिला मंत्री वीरेंद्र प्रताप यादव उपस्थित रहे।

## चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर पलटी स्कॉर्पियो

गोपीगंज, 15 जून (देवव्रत संवाद)। थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित माधोपुर शीतला माता मंदिर के पास सोमवार को एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार रिटायर्ड दरोगा समेत चार लोग घायल हो गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहपुर जनपद के राधानगर निवासी रिटायर्ड दरोगा धर्मेंद्र कुमार नागर (60) अपनी पत्नी ममता देवी (55), बेटी प्रियंका (20) तथा दामाद अमित के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए वाराणसी जा रहे थे। जैसे ही उनकी स्कॉर्पियो थाना गोपीगंज क्षेत्र के माधोपुर स्थित शीतला माता मंदिर के समीप पहुंची, चालक को अचानक झपकी आ गई। इसके चलते वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया। हादसे के बाद वाहन में सवार सभी लोग अंदर फंस गए और चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों एवं राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची राष्ट्रीय राजमार्ग एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज भेजा गया।

## नवाचार और युवा शक्ति से बनेगा विकसित भारत-डॉ विनोद बिंद



पीडीडीयू नगर (चंदौली), 15 जून (देवव्रत संवाद)। भदोही सांसद डॉ. विनोद बिंद ने व्हेर यू एलिवेट द्वारा कंस्ट्रक्शन क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में आयोजित हैक फ्रंट लीडरशिप फोरम में भारत के इनोवेशन दशक और ग्रामीण भारत के उत्थान फोरम में भाग लेकर उद्योग, शिक्षा, स्टार्टअप और नवाचार से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्टार्टअप, डिजिटल टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कृषि नवाचार और विनिर्माण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नीति, उद्योग, शिक्षा और युवा शक्ति के सामूहिक प्रयास से ही वास्तविक परिवर्तन संभव है। सांसद ने विश्वास जताया कि भदोही समेत छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के युवा नए भारत की पहचान बन रहे हैं तथा ग्रामीण भारत के सशक्त होने से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा आइए हम सब मिलकर ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लें जहां हर युवा को अवसर, हर विचार को मंच और नवाचार को प्रोत्साहन मिले। इस अवसर पर धीरज त्रिपाठी सीईओ ऑटो ब्रिज, अंशु पांडेय आईआरटीएस डायरेक्टर माइन्स इंडिया गवर्मेंट, डॉ पंकज त्रिपाठी सोशल वर्कर, अमरेश कहर सीनियर वाईस प्रेजिडेंट रोडियम, सीईओ ऋषभ लालवानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रतिबंधित और जानलेवा अगरबत्तियों की बिक्री पर रोक, सख्त चेतावनी



पीडीडीयू नगर (चंदौली), 15 जून (देवव्रत संवाद)। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि जनपद के सभी किराना दुकानदारों, कीटनाशी विक्रेताओं और पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटरों को सख्त चेतावनी देते हुए यह निर्देशित किया जाता है कि प्रदेश में स्वीट नाईट, डायनासोर, श्री डेंगू किलर, स्लीप वेल और कम्फर्ट ब्रांड की अगरबत्तियों में अपंजीकृत कीटनाशी रसायन डीमेफलूचिन और मेपेफलूथ्रिन का उपयोग हो रहा है जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत खतरनाक है। अतःइन उत्पादों की बिक्री की स्थिति में पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कीटनाशी अधिनियम-1968 और नियमावली-1971 के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यदि किसी विक्रेता के प्रतिष्ठान में इन अपंजीकृत रसायनों से बनी अगरबत्तियां पाई जाती हैं, तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शासन स्तर से भी इन उत्पादों - स्वीट नाईट, डायनासोर, श्रीडेंगू किलर और कम्फर्ट ब्रांड पर पैनी नजर रखते हुए इन अगरबत्तियों पर निगरानी तेज हो गयी है। सभी विक्रेताओं को तत्काल प्रभाव से ऐसे उत्पादों को न बेचने और न ही अपने स्टोर के लिए कहा गया है। पकड़े जाने पर जिला प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जनपदवासियों से मेरी विशेष अपील है कि आप सभी मच्छरदानी का प्रयोग करें और इस तरह जहरीले रसायनों के प्रयोग से बचें। किसी भी कीटनाशी रसायन विक्रेता या पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटर द्वारा प्रतिबंधित अगरबत्तियों का व्यापार करते पाए जाने पर उनके विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम-1968 एवं नियमावली-1971 के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह पूरी जिम्मेदारी संबंधित विक्रेताओं की होगी।

# घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप, ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी-ठेकेदार के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

मीरजापुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। अकोढ़ी-बबुरा संपर्क मार्ग पर निमार्णाधीन पुलिया में कथित भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री के प्रयोग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ह्यमुदार्बादह्न के नारे लगाए और लीपापोती का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार घटिया सीमेंट, बालू और कंक्रीट का प्रयोग कर रहा है। सीमेंट व बालू के अनुपात में गड़बड़ी की जा रही है। निर्माण कार्य भी बेहद धीमी गति से चल रहा है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कमीशनखोरी के चलते कार्यस्थल पर निरीक्षण तक नहीं आ रहे हैं। जमा की गई गिट्टी का साइज और सामग्री की गुणवत्ता मानकों के विपरीत बताई जा रही है। 30-35 गांवों और 5 लाख लोगों की लाइफलाइन

यह पुलिया केवल एक गांव का रास्ता नहीं है, बल्कि बबुरा से गोपीगंज जाने वाले मुख्य मार्ग का हिस्सा है। यह लगभग 30 से 35 गांवों को जोड़ता है और कम से कम पांच लाख लोगों की आवाजाही को सुगम बनाएगा। भारी आवाजाही के कारण पुलिया पर काफी लोड रहने की संभावना है, जिससे घटिया निर्माण होने पर दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों में गहरी आक्रोश की स्थिति है। अवर अभियंता का बयान कार्यदाई संस्था के अवर अभियंता श्रवण कुमार ने बताया कि पुलिया का निर्माण एक करोड़ 13 लाख रुपये की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। यह साढ़े सात मीटर चौड़ी और छह मीटर लंबी होगी। उन्होंने ग्रामीणों के आरोपों की जांच कराने का आश्वासन दिया और कहा कि यदि आरोप सही पाए गए तो ठेकेदार का भुगतान रोका जाएगा तथा उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाएगा। ग्रामीणों की मांग प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से तत्काल तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि एक सप्ताह के अंदर जांच नहीं कराई गई तो वे जिलाधिकारी कार्यालय के सामने बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में पृथ्वीराज सिंह, राधे गुरू, मुक्तिनाथ, रामधारी, भरत सिंह, ऋतुराज, गणपति, रवि कुमार, अखिलेश, प्रमोद, गुलाब, विनोद समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। यह पुलिया क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों की दैनिक आवाजाही और सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण निर्माण है। यदि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग साबित होता है तो यह न केवल सार्वजनिक धन की बबार्दी है, बल्कि लोगों की जान-माल के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है। प्रशासन से अपेक्षा है कि वह तुरंत उच्च स्तरीय जांच कराए, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे और निर्माण कार्य को मानकों के अनुरूप पूरा कराए। जनता की शिकायत पर त्वरित और सख्त कार्रवाई ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का सबसे प्रभावी उपाय साबित हो सकती है।

## खरीफ अभियान की तैयारियों की समीक्षा

भदोही, 15 जून (देवव्रत संवाद)। मुख्य विकास अधिकारी श्री बाल गोविन्द शुक्ल की अध्यक्षता में खरीफ अभियान 2026-27 के अंतर्गत जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा बैठक विकास भवन में आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों एवं उर्वरक आपूर्तिकताओं को निर्देशित किया गया कि धान रोपाई के दौरान किसानों को किसी भी केंद्र पर उर्वरकों की कमी न होने पाए। साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी एवं टैगिंग की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनपद में यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित सभी प्रमुख उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा किसानों की मांग के अनुरूप नियमित वितरण किया जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश उपलब्ध कराने हेतु सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी इरम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे

## चचेरे भाई पर लगा दुष्कर्म का आरोप

पीडीडीयू नगर (चंदौली), 15 जून (देवव्रत संवाद)। रविवार की देर रात्रि अलीनगर पुलिस को सूचना मिली एक लगभग 20 वर्षीय युवती के साथ उसके ही चचेरे भाई ने दुष्कर्म कर दिया है युवती के परिवार-जनों का कहना है कि जब हमलोग घर पर मौजूद नहीं रहते हैं तो युवती का चचेरा भाई घर पर आता-जाता रहता था जिसके द्वारा ही कृत्य किया गया है। युवती के परिजनों द्वारा रात में ही पुलिस को इसकी सूचना दे दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस संबंधित मामला दर्ज कर उक्त युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुट गई।

## सिपाही पर नशे की हालत में परेशान करने का लगा आरोप



पीडीडीयू नगर (चंदौली), 15 जून (देवव्रत संवाद)। रविवार की रात अलीनगर क्षेत्र में आते-जाते राहगिरो ने एक सिपाही का किया घेराव राहगिरो का आरोप है कि उक्त सिपाही नशे की हालत में है जो आते जाते लोगों को रोक कर परेशान कर रहा था जिसका राहगीरों ने वीडियो भी बनाया और पूछताछ की जिसमें उक्त सिपाही अपने ऊपर लगे सभी आरोपो को झूठा बता रहा था सिपाही ने बताया कि मैं नशा नहीं किया हुआ है पूछे जाने पर उक्त सिपाही ने खुद को मुगलसराय कोतवाली में तैनात बताया जिसका नाम आलोक रंजन प्रकाश में आ रहा है। अब इसकी जानकारी अधिकारी जांच में ही स्पष्ट हो पाएगी कि सिपाही के ऊपर लगे आरोप झूठे हैं या सत्य।

## जनपद सहित नगर में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान



पीडीडीयू नगर (चंदौली), 15 जून (देवव्रत संवाद) पुलिस अधीक्षक चंदौली आकाश पटेल के निर्देशन में इन दिनों यातायात प्रशासन सहित कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार जनपद चंदौली सहित नगर में चलाया जा रहा है विशेष चेकिंग अभियान जिसमें मोटरसाइकिल सवारो को रोककर यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत देने के साथ उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई। बताते चलें कि अगर उक्त वाहन चेकिंग अभियान जनपद चंदौली सहित नगर में प्रत्येक दिन चलाया जाए तो कहीं ना कहीं घटना को अंजाम देने वाले बाइक सवार बदमाशों के हौसले जल्द ही पस्त हो जाएंगे जिससे कि छिनौती जैसी घटनाओं पर अंकुश लग पाएगा। अब देखना यह है कि क्या चेकिंग अभियान आगे भी निरंतरण जारी रहेगा या नहीं।

## मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे 2 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

भदोही, 15 जून (देवव्रत संवाद)। जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम और वाहन चोरों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन व श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15 जून 2026 को थाना औराई की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे 02 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। थाना औराई पुलिस टीम द्वारा रात्रि सघन चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शातिर चोरों के गिरोह द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे हैं। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15.06.26 समय 01.20 बजें घटना स्थल कोठरा तिराहा के पास से घेराबंदी कर बहादुरी के साथ पीछा करते हुए एक मोटरसाइकिल पर सवार दो शातिर चोरों को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर कायमी मु0अ0सं0 246/26 धारा 318(4), 345(3), 317 (2) बीएनएस थाना औराई जिला भदोही पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है।

## जनपद में सर्वाधिक रक्तदान कराने वाली विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट विश्व रक्तदाता दिवस पर सम्मानित

मीरजापुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सर सुंदरलाल चिकित्सालय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के रक्त केंद्र द्वारा आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में जनपद मीरजापुर की अग्रणी सामाजिक संस्था विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट को रक्तदान एवं रक्तदान जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी एवं सचिव अभिषेक साहू उपस्थित रहे तथा संस्था की ओर से सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा वर्षों से किए जा रहे मानव सेवा के कार्यों, आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने तथा रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के प्रयासों की विशेष सराहना की गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी ने कहा कि यह सम्मान विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रत्येक रक्तदाता, स्वयंसेवक एवं सहयोगी के समर्पण का सम्मान है। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। संस्था का प्रयास है कि कोई भी मरीज केवल रक्त की कमी के कारण उपचार से वंचित न रहे।

## गंगा प्रहरी द्वारा भारतीय सॉफ्ट सेल कछुआ का किया गया रेस्क्यू



मीरजापुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। भारतीय वन्य जीव संस्थान के जलज परियोजना के अंतर्गत जलज विंध्य के गंगा प्रहरी भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून में प्रशिक्षण लेकर अपने आसपास जागरूक मछुआरों के जाल में फंसा इंडियन सॉफ्ट सेल (शीतर) कछुआ लगभग 10 से 12 किलो तक को बिना चोट पहुंचाए पुनः गंगा प्रहरी द्वारा फतहा गंगा घाट पर गंगा में छोड़ा गया तथा साथ ही गंगा के किनारे समुदाय के लोगों को जलीय जीव संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण इत्यादि विषयों पर जागरूक किया गया गंगा प्रहरी राहुल कुमार, श्याम बाबू, सप्तमी, प्रमोद, राम, सूरज, रामजग उर्फ टुन्नु इत्यादि लोग शामिल रहे।

## नवागत थाना प्रभारी को चोरों ने दी सलामी, दीवान घाट पर दर्शनार्थी का बैग चोरी

मीरजापुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। विंध्याचल थाना क्षेत्र में चोर-उचक्कों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। थाने में नवागत प्रभारी अजीत सिंह के कार्यभार संभालने के मात्र कुछ दिनों बाद ही चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए एक दर्शनार्थी को अपना शिकार बना लिया। इस घटना से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी और चिंता व्याप्त हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के रीवा जिले के निवासी एक श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी धाम के दर्शन-पूजन के लिए आए थे। रविवार को वे दीवान घाट पर स्नान करने गए, जहां उन्होंने अपना बैग घाट पर रख दिया था। इसी दौरान अज्ञात चोर ने बैग उठा लिया। बैग में नगदी, महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य जरूरी सामान रखे हुए थे। पीड़ित ने काफी तलाश के बाद बैग न मिलने पर विंध्याचल थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी। आरोप है कि तहरीर दर्ज करने के बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पीड़ित को निराश होकर लौटना पड़ा। इस घटना के बाद श्रद्धालुओं में रोष फैल गया है। लोगों का कहना है कि मां विंध्यवासिनी धाम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में घाटों, मंदिर परिसर और आसपास की जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किए जाने की जरूरत है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से दर्शनार्थियों में भय का माहौल बनता जा रहा है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से चोरी गए सामान की शीघ्र बरामदगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। श्रद्धालुओं ने दीवान घाट समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी को प्रभावी बनाने की मांग भी की है। यह घटना एक बार फिर विंध्याचल क्षेत्र में सक्रिय चोर-उचक्कों पर अंकुश लगाने में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है।

# सैदपुर के ग्राम ईशोपुर ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

गाजीपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज तहसील सैदपुर के ग्राम पंचायत ईशोपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय प्रभारी मंत्री (स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क, पंजीयन विभाग) रविन्द्र जायसवाल जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

ग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याण, सुशासन, पारदर्शिता एवं विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सेवा, संस्कार सुशासन एवं सम्मान के 12 वर्ष अभियान का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना तथा जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। योजना में वृद्धा पेंशन, निराश्रत महिला पेंशन, बाल सेवा योजना, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान, फार्मर रजिट्रि, शौचालय, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, कन्या सुमग्ला प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना,




प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, हर घर जल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धावस्था, निराश्रित एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं सहित अनेक योजनाओं से करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क निर्माण, नाली निर्माण, राजस्व विवाद, पेंशन, राशन कार्ड तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किए। माननीय प्रभारी मंत्री जी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने दिया जाए।

ग्राम चौपाल में संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक एवं दूरगामी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का संकल्प देश को विश्व की अग्रणी शक्तियों में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राज्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने अनेक योजनाएं संचालित की हैं तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा प्रदान की गई है। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया तथा आश्वस्त किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम चौपाल में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री द्वारा ग्राम चौपाल में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के अन्तर्गत हाकी यूथ इण्डिया एशिया अन्डर 80 के तहत जनपद का नाम नोशन किया जिनको प्रभारी मंत्री जी द्वारा प्रहलाद राजभर एवं सुमित पाल को 50-50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। उसके उपरान्त मा0 मंत्री जी ने ग्राम सचिवालय ईशोपुर परिसर में पौधे रोपण कार्य किया। मा0 मंत्री जी द्वारा महिलाओं को अन्नप्राशन एवं गोदभराई का कार्य किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, पूर्व मंत्री विजय मिश्रा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों मे जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा, व मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राजन राय, परियोजना निदेशक, सूचना अधिकारी राकेश कुमार, उपजिलाधिकारी सैदपुर, खण्ड विकास अधिकारी सैदपुर एवं अन्य अधिकारीगण कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवागत उप पंजीयक सचिन जैन ने संभाला पदभार, कामकाज में आएगी तेजी



सिंगरौली, 15 जून (देवव्रत संवाद)। जिले के उप पंजीयक कार्यालय में सोमवार को नवागत उप पंजीयक सचिन जैन ने विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उनके कार्यभार संभालते ही कार्यालय में प्रशासनिक गतिविधियां सामान्य रूप से शुरू हो गई हैं, जिससे पंजीयन संबंधी लंबित कार्यों के जल्द निपटारे की उम्मीद बढ़ गई है। गौरतलब है कि पूर्व उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार की बर्खास्तगी के बाद से यह महत्वपूर्ण पद रिक्त चल रहा था। कार्यालय में स्थायी अधिकारी नहीं होने के कारण रजिस्ट्री एवं पंजीयन से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे थे और आम लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।नवागत उप पंजीयक सचिन जैन के पदभार ग्रहण करने के बाद अब कार्यालय के कामकाज में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। जमीन, मकान एवं अन्य दस्तावेजों के पंजीयन से जुड़े मामलों के साथ-साथ लंबे समय से लंबित पड़े प्रकरणों के निराकरण को भी गति मिलने की उम्मीद है।

## गजराबहरा कोलयार्ड में हंगामा: नौकरी की मांग को लेकर टावर पर चढ़ा युवक

सरई (सिंगरौली), 15 जून (देवव्रत संवाद)। गजराबहरा कोलयार्ड में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक अपनी नौकरी की मांग को लेकर अचानक एक ऊंचे टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ा देख आसपास के लोगों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सरई थाना पुलिस, तहसीलदार और संबंधित कंपनी प्रबंधन के अधिकारी तुरंत दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए मोर्चा संभाला और टावर पर चढ़े युवक से बातचीत शुरू की। काफी देर तक चली मान-मनौव्वल और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दी गई समझाइश के बाद युवक शांत हुआ और सुरक्षित नीचे उतर आया। युवक के नीचे उतरने के बाद प्रशासन और कंपनी प्रबंधन ने राहत की सांस ली। फिलहाल, युवक की मांग और पूरे मामले को लेकर आगे की जांच व समझाइश की प्रक्रिया जारी है।

## सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एशोसियेशन की. मासिक बैठक सम्पन्न



गाजीपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एशोसियेशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा गाजीपुर की मासिक बैठकर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के पेंशनर भवन में जिलाध्यक्ष मुक्तेश्वर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में आल इंडिया राज्य फेडरेशन द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्र व्यापी आन्दोलन के अगले चरण के लिए तन, मन धन से तैयार रहते हुए शत प्रतिशत सहयोग की अपील की गई, कार्यकारी अध्यक्ष अम्बिका दुबे ने जनपद के समस्त सेवा निवृत्त कर्मचारी, अधिकारी एवं शिक्षकों से आपसी मतभेद भुला कर संगठन को मजबूत करने का अनुरोध किया, जिला मंत्री जनार्दन सिंह ने पेंशनरों से आग्रह किया कि उनकी जो भी समस्या हो उसको लिख कर एशोसियेशन को दें ताकि सम्बन्धित विभाग से निस्तारण कराया जा सके, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत कर नवीनीकरण शुल्क एवं निर्धारित विशेष आर्थिक सहयोग जमा करने पर जोर दिया! बैठक को मुख्य रूप से बाल कृष्ण यादव, डाक्टर दिनेश सिंह, डी एन राय, उग्रसेन सिंह, डाक्टर दिनेश सिंह, वरमेशर उपाध्याय, इ राम नाथ ठाकुर, अमर नाथ तिवारी, ₹ अमर ₹ जगदीश गुप्ता, मोहम्मद आरिफ, मौ मोइनुद्दीन, जी यूत शर्मा, इ प्रतीप शर्मा, दिनेश सिंह, जय प्रकाश वर्मा, डाक्टर पी एन सिंह, अवध यादव, मुहम्मद अली, शकील अहमद, मिठाई राम, चंद्र बलि प्रजा पति, गोपाल जी तिवारी, आदि ने सम्बोधित किया, अध्यक्षता मुक्तेश्वर श्रीवास्तव एवं संचालन अम्बिका दुबे एवं जनार्दन सिंह ने संयुक्त रूप से किया!

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत किया गया कार्यक्रम आयोजित



गाजीपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। जनपद गाजीपुर के जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में राइफल क्लब गाजीपुर में लॉर्ड्स डिस्टलरी लिमिटेड गाजीपुर के सहयोग से प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत 50 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी गाजीपुर एवं जिला क्षय रोग अधिकारी गाजीपुर के सहयोग से सभी टी बी मरीजों को पोषण पोटली वितरित कराया गया। जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा बताया गया कि जनपद गाजीपुर में 24 मार्च 2026 से 100 दिवसीय सघन टी बी अभियान चल रहा है जनपद गाजीपुर में हैंडल एक्सेल मशीन प्राप्त मात्रा में उपलब्ध है जिससे कि गांव गांव जाकर मेडिकल मोबाइल बैन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की चेष्ट एक्स-रे हैंडल एक्सरे मशीन द्वारा प्रतिदिन 600 से 700 कराया जा रहा है और प्रतिदिन 20000 बलगम का जांच कराने का लक्ष्य रखा गया है जनपद गाजीपुर के सभी ब्लॉक में ट्र नैट मशीन उपलब्ध है जिससे बलगम जांच कराया जा रहा है जनपद गाजीपुर में 19 ट्र नैट मशीन एवं दो सी बी नैट मशीन उपलब्ध है जिससे सभी संभावित टीवी मरीजों का बलगम जांच एवं चेस्ट एक्सरे कराया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह के 15 तारीख को सभी ब्लॉक में टीवी मरीजों को पोषण पोटली वितरित किया जा रहा है। सभी को निक्षय मित्र बनकर टीवी मरीजों को गोद लेने के लिए अपील किया गया। उक्त कार्यक्रम में लॉर्ड्स डिस्टलरी की तरफ से आनंद राय (एच आर, एडमिन), जिला क्षयरोग विभाग कि तरफ से डॉक्टर मिथिलेश कुमार सिंह (डीपीसी), विवेक सिंह, वेंकटेश शर्मा, सुनील वर्मा, शशि सिंह, सौरभ सिंह उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याण एवं आरोग्य मेले में योजनाओं की दी गई जानकारी

भांवरकोल/गाजीपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ब्लॉक मुख्यालय स्थित स्वर्गीय कृष्णानंद राय स्मृति सभागार में आयोजित त्रिदिवसीय जनकल्याण मेला एवं स्वास्थ्य/आरोग्य मेले के दूसरे दिन सोमवार को विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जानकारी के अभाव में कई पात्र लोगों तक नहीं पहुंच पाता है। उन्होंने कहा कि लगभग सभी योजनाओं की जानकारी विकासखंड स्तर पर उपलब्ध है।उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ पार्टी कार्यकताओं से भी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने तथा पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ दिलाने में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद राय मुन्ना ने कहा कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य लोगों को कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) संतोष सिंह कुशवाहा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुखडेहरा के चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज चौधरी, स्वच्छ भारत मिशन से धर्मेंद्र कुमार, कृषि विभाग से अनीश गुप्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से विनोद यादव तथा बाल विकास परियोजना से अंजू सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की डीएम की अध्यक्षता बैठक सम्पन्न

**भ्रामक सूचना देने पर अधिशासी अभियंता पिपरी के वेतन भुगतान पर रोक**

सोनभद्र, 15 जून (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं विद्यालयों में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिन विद्यालयों में अभी तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें शीघ्र संतृप्त किया जाए।उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, रैंप, यूरिनल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनुपलब्ध हैं अथवा खराब स्थिति में हैं, उनकी मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जाए।जिलाधिकारी ने विद्यालयों में विद्युतीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता पिपरी द्वारा प्रस्तुत जानकारी का सत्यापन दूरभाष के माध्यम से कराया। सत्यापन में जानकारी असत्य पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता पिपरी के वेतन भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने तथा अधीक्षण अभियंता विद्युत को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारी देने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नियमित साफ-सफाई, फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता, शत-प्रतिशत विद्युतीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण मिड-डे मील व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने विद्यालय खुलने के बाद जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी नामित शरण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आपदा जागरूकता के लिए जनपद में चलाया जा रहा विशेष अभियान

सोनभद्र, 15 जून (देवव्रत संवाद)। मानसून एवं आपदा की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सोनभद्र एवं जिला पंचायत विभाग द्वारा जनपद में विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत सचिवालयों, सार्वजनिक स्थलों, नदी तटों, जलाशयों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में डूबने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा संबंधी संदेश, सावधानियां एवं ह्वक्या करें, क्या न करेंह्व संबंधी महत्वपूर्ण स्लोगन साइन बोर्ड एवं दीवार लेखन के माध्यम से प्रदर्शित किए जा रहे हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान नदी, तालाब एवं जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि होने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों को जागरूक एवं सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जनपद के विभिन्न स्थानों पर चेतावनी एवं जागरूकता संदेश प्रदर्शित कर आमजन को सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर योग सप्ताह का शुभारंभ

**सीडीओ जागृति अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर किया योग सप्ताह का उद्घाटन**



सोनभद्र, 15 जून (देवव्रत संवाद)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जनपद सोनभद्र में योग सप्ताह का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के साथ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विश्वकर्मा तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके उपरांत उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों ने सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा है, जिसने आज वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है।योग न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि संतुलित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी देता है।कार्यक्रम में बताया गया कि 15 जून से 21 जून 2026 तक पूरे जनपद में योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता, योग जागरूकता अभियान तथा सामूहिक योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ह्वयोग फॉर हेल्दी एजिंग निर्धारित की गई है।क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद के सभी आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में वृद्धजनों के लिए विशेष चिकित्सा एवं योग शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं जोड़ों से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूकता एवं उपचार संबंधी परामर्श प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम में आयुष विभाग एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

सिंगरौली, 15 जून (देवव्रत संवाद)। जिले में तेज रफ्तार वाहनों के कारण सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।ताजा मामला बरगवां थाना क्षेत्र के त्रिमूला गेट के सामने का है, जहां एक अनियंत्रित ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब मुख्य मार्ग से गुजर रहे ट्रेलर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।इस घटना ने एक बार फिर भारी वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही चौबीसों घंटे बनी रहती है। कई वाहन चालक निर्धारित गति सीमा का पालन नहीं करते, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अब यह जांच का विषय है कि संबंधित ट्रेलर में स्पीड गवर्नर लगा था या नहीं, और यदि लगा था तो वाहन की गति नियंत्रित क्यों नहीं हुई।

## आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर डीएम का विशेष जोर



सोनभद्र, 15 जून (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। श्री गौड़ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि संबंधित शिकायतकर्ता से संपर्क स्थापित कर, आवश्यकतानुसार उनसे मुलाकात कर तथा उनका फीडबैक प्राप्त करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व भूमि संबंधी शिकायतों के परीक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की। बताया गया कि परीक्षण हेतु प्राप्त कुल 6545 प्रकरणों में से अब तक 5902 शिकायतों का परीक्षण किया जा चुका है, जबकि 643 प्रकरणों का परीक्षण शेष है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित सभी प्रकरणों का शीघ्र परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत शिकायतों का निस्तारण किया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिकायत निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# दुष्कर्म के दोषी ओझा समेत दो को आजीवन कारावास की सजा, प्रत्येक पर एक लाख 500 रुपए अर्थदंड

**जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी, अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी**

सोनभद्र, 15 जून (देवव्रत संवाद)। करीब 9 वर्ष पूर्व ओझाई करने के लिए महिला को एकांत में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू , सोनभद्र बिपिन कुमार तृतीय की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी ओझा जगदेव शर्मा उर्फ जयदेव शर्मा व सहयोगी लालू शर्मा उर्फ जनार्दन शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक के ऊपर एक लाख 500 रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी।वहीं अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक वाराणसी जिला अंतर्गत चौबेपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने 27 अप्रैल 2017 को रॉबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह शादीशुदा है और दो बच्चों की मां है। उसके पति नाई की दुकान चलाते हैं। तीन-चार दिन पहले वह अपने मायके चंदौली जिले में आई है। कुछ दिनों से वह बीमार चल रही है। 26 अप्रैल 2017 को उसका भाई ओझा जगदेव शर्मा उर्फ जयदेव शर्मा पुत्र प्यारेलाल निवासी झपरी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र के यहां लालू शर्मा उर्फ जनार्दन शर्मा पुत्र अमरनाथ शर्मा निवासी दाऊदपुर, थाना चकिया, जिला चंदौली के साथ ले गए थे। ओझा जगदेव शर्मा उसे देखा तो धार दिलाने के लिए उसे अकेले में रात करीब 11 बजे सुनसान जगह पर लेकर गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। किसी से बताने पर जान मारने की धमकी भी दिया। इस तहरीर पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने जगदेव शर्मा व सहयोगी लालू शर्मा के विरुद्ध कोर्ट में दुष्कर्म, जान मारने की धमकी व आपराधिक षडयंत्र में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जगदेव शर्मा व लालू शर्मा को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक पर एक लाख 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

## मल्हार पार्क में लगा वाटर एटीएम बना चोरों के निशाने पर, दरवाजा काटने का प्रयास



सिंगरौली, 15 जून (देवव्रत संवाद)। शहर के मल्हार पार्क में लगाया गया वाटर एटीएम आम लोगों को सुविधा देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था, लेकिन अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हो सका। इसी बीच यह व्यवस्था चोरों के निशाने पर भी आ गई है।

जानकारी के अनुसार अज्ञात लोगों ने वाटर एटीएम के दरवाजे को काटकर चोरी का प्रयास किया। हालांकि मौके पर किसी व्यक्ति की नजर पड़ने के बाद उन्हें रोका गया, जिससे वे दरवाजा छोड़कर मौके से भाग निकले।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वाटर एटीएम के अंदर कॉपर, एल्युमीनियम, लोहे के उपकरण और पाइप सहित अन्य सामग्री लगी हुई है, जिस पर चोरों की नजर हो सकती है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई तो दोबारा चोरी की घटना हो सकती है।

वहीं स्थानीय नागरिकों ने यह भी सवाल उठाया कि वाटर एटीएम लगने के बाद भी आम लोगों को इसका लाभ नहीं मिल सका। गर्मी के मौसम में लोग पीने के पानी के लिए परेशान रहे, जबकि यह सुविधा शुरू नहीं हो पाई। लोगों का कहना है कि यदि ऐसी योजनाओं का समय पर संचालन और रखरखाव सुनिश्चित हो तो जनता को वास्तविक लाभ मिल सकता है।

नागरिकों ने नगर निगम और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा वाटर एटीएम को जल्द चालू कर उसकी सुरक्षा और नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए।

# तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



सादात/ गाजीपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। सादात ब्लाक मुख्यालय पर तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। रविवार को खण्ड विकास अधिकारी डॉ. सरजीत सिंह की अध्यक्षता में इसका शुभारंभ हुआ। इस मेले का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

शिविर में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पोषण विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, एनआरएलएम विभाग, विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग और लघु सिंचाई विभाग सहित कई विभागों ने स्टॉल लगाए।इन स्टॉलों के माध्यम से संबंधित विभागों ने अपनी योजनाओं की जानकारी दी और जनता को उनसे जोड़ने का प्रयास किया।इस त्रिदिवसीय मेले में बेसिक शिक्षा विभाग सादात ने एक आकर्षक और ज्ञानवर्धक स्टॉल लगाया। विभाग ने विद्यालयों में संचालित नवाचारी शिक्षण गतिविधियों, निपुण भारत मिशन के तहत किए जा रहे प्रयासों और बच्चों के अधिगम स्तर को बेहतर बनाने के लिए अपनाई जा रही प्रभावी शिक्षण विधियों का प्रदर्शन किया।शिक्षकों ने विभिन्न टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री), गतिविधि आधारित शिक्षण और भाषा-गणित दक्षताओं के विकास से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए।

मेले में मीना मंच की नोडल सुमन चौहान, सुगमकर्ता सावित्री यादव, नोडल संकुल शिक्षक अवनी कुमार, नोडल शिक्षक संजय बर्नवाल, एआरपी रविन्द्र प्रताप और राजन गुप्ता ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कंपोजिट विद्यालय मजुई की छात्रा रोशनी यादव और नाजिया जैसे बच्चों ने भी इसमें हिस्सा लिया।हालांकि, इस आयोजन में पांच में से केवल एक एआरपी और गिने-चुने शिक्षकों की उपस्थिति देखी गई। यह स्थिति विभागीय उदासीनता को दशार्ती है, जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

## रुद्राभिषेक, हवन-पूजन व भंडारे के साथ हरिनाम संकीर्तन संपन्न

भांवरकोल/सादात/ गाजीपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)। क्षेत्र के कनुवान गांव स्थित शिव मंदिर पर पिछले एक माह से चल रहा अखंड हरिनाम संकीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान सोमवार को रुद्राभिषेक, हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। एक माह तक मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और हरिनाम संकीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। विशेष बात यह रही कि पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन सोमवती अमावस्या का दुर्लभ संयोग भी रहा, जिससे इस दिन का धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया। श्रद्धालुओं ने इसे अत्यंत पुण्यदायी मानते हुए बड़ी संख्या में भगवान शिव का अभिषेक, पूजन एवं दर्शन किया।

# धानमंत्री के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत हो रहा है सशक्त- दयाशंकर सिंह

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने मीडिया से किया संवाद, गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

मऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)। जनपद के प्रभारी मंत्री दया शंकर सिंह ने सोमवार को कलेक्ट सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास, विश्वास एवं जनकल्याण की ऐतिहासिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रारम्भ हुई यह यात्रा केवल शासन परिवर्तन नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति, विकास की सोच और जनसेवा के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने सुशासन, पारदर्शिता, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास व्यक्त किया, वर्ष 2019 में और अधिक बहुमत देकर उस विश्वास को मजबूत किया तथा वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार उन्हें देश की बागडोर सौंपकर यह स्पष्ट संदेश दिया कि देश की जनता विकास, सुशासन और परिणाम आधारित राजनीति में विश्वास रखती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार शपथ लेने के बाद सर्वप्रथम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर कर यह संदेश दिया कि गरीब, किसान, युवा और महिलाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।

प्रेसवार्ता में बताया कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से करोड़ों




लाभार्थियों के खातों में सीधे धनराशि भेजी गई तथा लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाकर लगभग 4.31 लाख करोड़ की धनराशि की बचत की गई। सरकार की नीतियों के परिणामस्वरूप लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

गरीब कल्याण की चर्चा करते हुए उन्होंने ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। कोरोना महामारी जैसे कठिन समय में भी 81 करोड़ से अधिक देशवासियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिला है तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से आम नागरिकों को सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन देकर धुएं से मुक्ति दिलाई गई है। जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया है तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छता की नई क्रांति लाई गई है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। मुद्रा योजना के तहत करोड़ों युवाओं और छोटे उद्यमियों को बिना गारंटी ऋण देकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है।

किसानों के हित में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक किसानों को ?4.3 लाख करोड़ से अधिक की धनराशि सीधे उनके खातों में भेजी जा चुकी है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से किसानों को सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराया गया है तथा कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना संचालित की जा रही है। ह्लपर ड्रॉप मोर क्रॉपह्व अभियान के अंतर्गत लाखों हेक्टेयर भूमि को सूक्ष्म सिंचाई से जोड़ा गया है।

## नगरपालिका की जनसुनवाई में 9 आवेदन आए, एक निस्तारित



मऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)। नगरवासियों की समस्याओ के तत्समय एवं त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंत्री नगर विकास विभाग उ0प्र0 की पहल पर शासन द्वारा संभव पोर्टल के माध्यम से एवं टोल फ्री नं0 1533 पर संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसुनवाई की व्यवस्था की गयी है।

जिसके तहत सोमवार को नगर नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने जनसुनवाई की। इस दौरान कुल 9 शिकायते आई जिसमें 1 शिकायत का निस्तारण किया। अन्य 8 शिकायतों को निदान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को भेज दिया है। जनसुनवाई में निर्माण विभाग से 4, सफाई विभाग से 4 एवं राजस्व विभाग से 1 शिकायतें प्राप्त हुयी हैं। जनसुनवाई में पालिका को संयुक्त रूप से कुल 9 शिकायतें मिलीं हैं। अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने बताया कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनहित मामलों के प्रति पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता की शिकायतों का समय पर समाधान करना है।

उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से पालिका लक्ष्य के सापेक्ष सभी आगन्तुक शिकायतकताओं को फौरी तौर पर राहत पहुंचाने के लिये मदद करती है। जनसुनवाई में अवर अभियंता सिविल मनोज कुमार सोनकर व रमेश चन्द, जलकल जे0ई0 पंकज कुमार वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश व राजीव कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक अमृता राय, निर्माण लिपिक धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, जलकल लिपिक कमलेश कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## 28 जून को आयोजित होगा पल्स पोलियो अभियान, खुले रहेंगे सभी परिषदीय विद्यालय

मऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)। जनपद में आगामी 28 जून 2026 (रविवार) को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया हैं।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर पल्स पोलियो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय 28 जून को प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक खुले रहेंगे। संबंधित विद्यालयों में पल्स पोलियो बूथ संचालित करने वाली टीमों के बैठने एवं कार्य करने हेतु आवश्यक व्यवस्था की जाएंगी।उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के दिन विद्यालय स्तर पर जागरूकता रैली निकाली जाए तथा बुलावा टोली के माध्यम से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो बूथ तक लाकर उन्हें पोलियो की खुराक पिलाई जाए। अभियान को सफल बनाने हेतु शिक्षकों एवं संबंधित कार्मिकों से पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गई है।

## 100 शैय्या चिकित्सालय टड़ियांव का मुख्य विकास अधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

मऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)। । मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को प्रातः 9 बजे विकासखंड घोसी स्थित 100 शैय्या चिकित्सालय टड़ियांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं में अनेक गंभीर कमियां पाई गईं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।निरीक्षण के दौरान पाया कि दवाओं का समुचित अभिलेखीकरण नहीं किया जा रहा था तथा चिकित्सालय में स्थापित विभिन्न मशीनों का रखरखाव संतोषजनक नहीं था। ऑपरेशन थियेटर (ओटी) बंद पाया गया तथा ऑक्सीजन सप्लाई व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित नहीं थी। ऑक्सीजन प्लांट नियमित रूप से संचालित न होने के कारण पाइपलाइन के माध्यम से वार्डों एवं कमरों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी।मुख्य विकास अधिकारी ने पाया कि चिकित्सालय में मरीजों को भर्ती नहीं किया जा रहा था तथा ओपीडी सेवाएं भी संचालित नहीं थीं। औषधियों की स्टॉक पंजिका अद्यतन नहीं थी तथा शीघ्र एक्सपायर होने वाली दवाओं को पृथक रूप से सुरक्षित नहीं रखा गया था। चिकित्सालय परिसर एवं



भवन की साफ-सफाई की स्थिति भी अत्यंत खराब पाई गई।

निरीक्षण के समय कहीं भी सफाई कार्य संचालित नहीं था। तीन मंजिला भवन में व्यापक स्तर पर गंदगी एवं अव्यवस्था पाई गई। परिसर एवं भवन के विभिन्न स्थानों पर घास-फूस उगी हुई थी तथा नियमित सफाई व्यवस्था नहीं की जा रही थी।निरीक्षण में यह भी पाया कि चिकित्सालय अधीक्षक का डॉक्टरों एवं कर्मचारियों पर अपेक्षित नियंत्रण नहीं है। वार्डों में लगे बेडों पर पुरानी एवं दागयुक्त बेडशीटें कई दिनों से बिना बदले उपयोग में लाई जा रही थीं। चिकित्सालय की लिफ्ट भी क्रियाशील नहीं पाई गई। चिकित्सालय में उपलब्ध आधुनिक एक्स-रे मशीन का भी समुचित उपयोग नहीं किया जा रहा था, जिससे उसके खराब होने की आशंका व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में अधीक्षक सहित 44 अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए अनुपस्थिति के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उचित कार्यवाही हेतु कड़े निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधीक्षक को सभी व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार नहीं किया तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## मनियर पुलिस ने अपहरण-दुष्कर्म के 2 वांछित गिरफ्तार किए, नाबालिग सकुशल बरामद

मनियर,बलिया,15जून,(देवव्रत संवाद)।मनियर पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। मुख्य आरोपी कमला वर्मा उर्फ राजकमल उर्फ मंत्री के खिलाफ थाना मनियर में पहले से नाबालिग से छेड़खानी का मुकदमा दर्ज था। आरोपी मुकदमा वापस लेने के लिए वादी पर दबाव बना रहे थे।वादी ने 20 अप्रैल 2026 को कमला वर्मा के खिलाफ मु0अ0सं0 62/2026 दर्ज कराया था। इसके बाद आरोपी के भाई संजय वर्मा, प्रमोद चौहान, बहन रीता देवी व भांजा नील कमल वर्मा लगातार धमकी दे रहे थे कि मुकदमा वापस नहीं लिया तो लड़की को उठा लेंगे और जान से मार देंगे। 19 मई की रात करीब 3 बजे कमला वर्मा, संजय वर्मा, नील कमल वर्मा, रीता देवी, प्रमोद चौहान व अन्य ने मिलकर नाबालिग का अपहरण कर लिया। इस पर थाना मनियर में मु0अ0सं0 81/2026 धारा 137(2), 87, 351(3) बीएनएस व बढ़ोतरी धारा 61(2), 64(2)(ट) बीएनएस व 5छ/6 पाक्सो एक्ट दर्ज हुआ। एसपी ओमवीर सिंह के निर्देशन में एएसपी उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ल व सीओ बांसडीह जयशंकर मिश्र के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजय कुमार त्रिपाठी की टीम ने कार्रवाई की। 15 जून को उ0नि0 रमेशचन्द्र यादव, उ0नि0 सुधीर चौहान, हे0का0 रविप्रकाश पाठक व म0आ0 अर्चना ने मुखबिर की सूचना पर मालगोदाम रोड, कोतवाली थाना क्षेत्र, रेलवे स्टेशन के पास से अभियुक्त 1. कमला वर्मा उर्फ राजकमल उर्फ मंत्री 2. अनिल कमल उर्फ नील कमल वर्मा निवासी पिण्डारी, मनियर को सुबह 10 बजे गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया गया। दोनों को कोर्ट भेज दिया गया।कमला वर्मा पर मनियर थाने में छेड़खानी, अपहरण, दुष्कर्म व धोखाधड़ी समेत 5 मुकदमे दर्ज हैं।

## आधुनिक सुविधाओं से लैस नव निर्मित कलेक्ट्रेट सभागार भवन का डीएम ने किया लोकार्पण

बलिया,15जून,(देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सोमवार को नव निर्मित कलेक्ट्रेट सभागार भवन का फीता काटकर विधिवत शुभारम्भ किया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन में सीसीटीवी कैमरे, चार एलईडी स्क्रीन तथा वातानुकूलन (एसी) की व्यवस्था की गई है, जिससे प्रशासनिक कार्यों के संचालन में और अधिक सुविधा मिलेगी।लोकार्पण के अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नए सभागार भवन के निर्माण से प्रशासनिक बैठकों, समीक्षा कार्यक्रमों एवं विभिन्न सरकारी आयोजनों के आयोजन में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह सभागार प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने भवन की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को इसके बेहतर उपयोग एवं रखरखाव के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नए सभागार भवन के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार, जिला विकास अधिकारी आनंद प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वैच्छिक रक्तदान से हो रही जीवन रक्षा- डॉ संजय सिंह



मऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)। गंभीर मरीजों के लिए बिना किसी स्वार्थ के लिए किया जाने वाला रक्तदान ही महादान है। एक रक्तदान से तीन लोगों की जिन्दगी बचती है। ए,बी,ओ रक्त समूह की खोज करने वाले नोबेल पुरस्कार प्राप्तकर्ता कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती पर विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में वैश्विक स्तर पर जागरुक करने के साथ जीवन रक्षकों को सम्मानित करना है। प्रसिद्ध चिकित्सक, संस्थान निदेशक डॉ संजय सिंह ने यह उदगार रविवार को शारदा नारायण हास्पिटल में व्यक्त किया। विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित रक्त महादान शिविर को वह संबोधित कर रहे थे। मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह ने बताया कि दुर्घटनाओं, आपात स्थिति, प्रसव संबंधी जटिलताओं, कैंसर उपचार व थैलेसिमिया जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए सुरक्षित रक्त की निरंतर आवश्यकता होती है। 18 से 65 वर्ष के बीच जिसका वजन 45-50 के बीच और हिमोग्लोबिन सामान्य हो वह ब्लड दे सकता है। रक्त किसी कारखाने में नहीं बन सकता इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान करना किसी भी मरीज की जिंदगी के लिए वरदान सिद्व हो सकता है। इस दौरान 14 लोगों के स्वैच्छिक रक्तदान किया।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में एक को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

### दो आरोपी गाली व धमकी देने के मामले में दोषी, परिवीक्षा पर रिहा

मऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट छांगुर राम ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और गाली तथा धमकी देने के मामले में नामजद तीन आरोपियों में एक संदीप कुमार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद उसे 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ ही कुल 20 हजार रुपए अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं आरोपीगण अनिल कुमार व विद्या देवी को गाली व धमकी देने के मामले में दोषी पाते हुए में परिवीक्षा अधिनियम का लाभ देते हुए 3 माह तक सदाचार बनाए रखने की हिदायत देते हुए रिहा कर दिया। मामला थाना सरायलखंसी क्षेत्र का है।

अभियोजन के अनुसार कोतवाली मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र के एक गांव निवासी वादी मुकदमा की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई। वादी का कथन था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री अपनी बुआ के यहां काशीराम आवास सिकटिया मऊ में रहती थी। इस दौरान काशीराम आवास कॉलोनी निवासी संदीप कुमार पुत्र स्व. चिरजू राम ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर गर्भपात करा दिया। आरोप है कि जब इसकी शिकायत किया तो अनिल कुमार और विद्या देवी ने उसे गाली में धमकी दिया। पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक विमल कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार मिश्रा और रामचंद्र चौहान ने कुल पांच गवाहो को पेश कर अभियोजन का पक्ष रखा। बचाव पक्ष से एक गवाह सीमा देवी को पेशकर तर्क दिया गया कि उन्हें झूठा फंसाया गया है। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी संदीप कुमार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद उसे दुष्कर्म के मामले में 10 वर्ष का सश्रम कारावास के साथ ही 10 हजार रुपए अर्थदंड लगाया। वही पास्को एक्ट में 10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा के साथ ही 10 हजार रुपए अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वही अर्थदंड जमा हो जाने पर 75 प्रतिशत धनराशि पीडिता को देने का आदेश दिया। आरोपीगण अनिल कुमार व विद्या देवी को गाली और धमकी देने के मामले में दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद दोनों को परिवीक्षा अधिनियम का लाभ देते हुए 3 माह तक सदाचार बनाए रखने के हिदायत देते हुए रिहा कर दिया।

## वाहन दुर्घटना के मामले में चालक को सजा, 15 सौ रुपए अर्थदंड लगा

मऊ। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट रमेशचंद राय ने वाहन दुर्घटना के मामले में आरोपी वाहन चालक उमेश कुमार पुत्र फेकू राम निवासी ताजोपुर किन्नूपुर को सुनवाई के बाद दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद उसे न्यायालय उठने तक की सजा के साथ ही 1500 रुपए का अर्थदंड लगाया। मामले में अभियोजन की ओर से अभियोजन अधिकारी हरेंद्र सिंह ने पैरवी की। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है।

## घोसी नगर पंचायत में अनियमितताओं की जांच की मांग

घोसी (मऊ)। आदर्श नगर पंचायत घोसी के विभिन्न वार्डों के निर्वाचित सभासदों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी घोसी को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं एवं प्रशासनिक लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कार्यवाही, उपस्थिति एवं एजेंडा रजिस्टर को तत्काल सीज करने का भी मांग किया।जिसपर एसडीएम अशोक कुमार सिंह ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी अशोक कुमार सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में सभासदों ने आरोप लगाया कि पिछले लगभग 13 माह से आदर्श नगर पंचायत बोर्ड की नियमित बैठक नहीं बुलाई गई है। सभासदों को न तो एजेंडा उपलब्ध कराया जाता है और न ही विधिवत सूचना दी जाती है। इसके बावजूद कार्यवाही रजिस्टर में प्रस्ताव अंकित कर हस्ताक्षर कराने तथा कथित रूप से फर्जी हस्ताक्षर किए जाने की आशंका व्यक्त की गई है। उन्होंने कार्यवाही रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर एवं एजेंडा रजिस्टर को तत्काल सील कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

## प्लास्टिक मुक्त मऊ लक्ष्य को क्रिया रूप देने हेतु अधिशासी अधिकारी ने किया आह्वान



मऊ, 15 जून (देवव्रत संवाद)। अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिये एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है।

इस संदर्भ में सिंगल-यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक उन्मूलन के खिलाफ चल रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत आरंभ 8.0 के तहत सोमवार को मुगलपुरा शाही कटरा एवं संस्कृत पाठशाला वार्डों में वृहद जागरूकता और प्रवर्तन अभियान चलाया। इस जागरूकता अभियान के दौरान सम्बन्धित वार्डों के आम नागरिकों एवं व्यापारियों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया। सभी लोगों को कपड़े और जूट के थैलों का उपयोग करने के लिये प्रेरित किया। लक्ष्य को पाने हेतु प्रतिबंधित प्लास्टिक व पॉलीथिन थैलों का उपयोग करने और बिक्री करने वालों के खिलाफ चेतावनी जारी करते हुये जब्ती की कार्रवाई की गई।

इस संदर्भ में अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए अधिशासी अधिकारी ने कहा कि प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ का लक्ष्य केवल नगर पालिका की ही जिम्मेदारी नहीं है वरन् यह हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। प्लास्टिक मुक्त मऊ, हमारा संकल्प के संदर्भ में आह्वान करते हुये उन्होंने कहा कि हमें चाहिये कि मिलकर अपने शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक-मुक्त बनाने में अपना बहुमूल्य संयुक्त योगदान दें।

## ब्लॉक परिसर में आयोजित कल्याण स्वास्थ्य मेला में विभिन्न विभागों के स्टॉल



मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ), 15 जून (देवव्रत संवाद)।केंद्र सरकार के 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ₹सरकार आपके द्वार₹ अभियान के अंतर्गत बुधवार को विकासखंड मुहम्मदाबाद गोहना परिसर में कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, मिशन शक्ति, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम तथा पंचायती राज विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत विशेष कैंप लगाए गए। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित लोगों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया।इस दौरान चार पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेले में 43 लोगों का निशुल्क उपचार कर उन्हें दवाएं वितरित की गई। सात लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांचें निःशुल्क कराई गईं।स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम मौजूद रही।कार्यक्रम में जनार्दन शर्मा, भूपेंद्र सिंह, ओंकार सिंह, मुन्ना, राहुल सिंह, आदित्य सिंह, संतोष मिश्र, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सत्यप्रकाश पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कोपागंज की शानदार जीत, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

कोपागंज (मऊ)। मोहम्मदीया सपोर्टिंग क्लब, कोपागंज के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट के आज खेले गए तीसरे मुकाबले में मेजबान कोपागंज टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मऊ अंसार स्पोर्टिंग क्लब को 3-0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष एवं कोपागंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मौलाना अफरोज आलम रहे। उन्होंने खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों से परिचय प्राप्त किया तथा फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का संदेश दिया।मैच की शुरूआत से ही कोपागंज की टीम आक्रामक अंदाज में नजर आई। खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। कोपागंज की ओर से किए गए तीन शानदार गोलों के दम पर टीम ने एकतरफा जीत दर्ज की।वहीं मऊ अंसार स्पोर्टिंग क्लब की टीम पूरे मैच में कोई गोल नहीं कर सकी और उसे 3-0 की हार का सामना करना पड़ा। कोपागंज की इस शानदार जीत पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

## गुमटी दुकानदारों ने गांधी प्रतिमा के सामने किया प्रदर्शन



रसड़ा,बलिया, 15 जून (देवव्रत संवाद)। । आदर्श नगर पालिका परिषद रसड़ा के गांधी पार्क के सामने वर्षों से पटरी के किनारे गुमटी डालकर व्यवसाय करने वाले पटरी दुकानदारों ने पक्का दुकानों के निर्माण में विलंब व अवरोध पैदा किए जाने से आक्रोशित होकर गांधी प्रतिमा के सामने रविवार को प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया तथा उपजिलाधिकारी रसड़ा एवं चेयरमैन विनयशंकर जायसवाल को पत्रक देकर चेताया कि यदि हमारी मांगें शीघ्र पूर्ण नहीं हुई तो वे स्वजनों से धरना-प्रदर्शन एवं आमरण अनशन को बाध्य होंगे। पटरी दुकानदार ओमप्रकाश, इंदू देवी, सत्यनारायण, संतोष कुमार, मोहम्मद शोएब, गुलशन, इजहार आदि दुकानदारों के नेतृत्व में दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि हम लोग 50 वर्ष से अधिक से गांधी पार्क के सामने दुकान लगाकर अपने व परिवार का भरण पोषण करते चले आ रहे हैं।

पूर्व में नगर पालिका प्रशासन द्वारा उक्त पटरी दुकानों को हटाए जाने के कारण काफी संख्या में परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया था। इसके उपरांत नगर पालिका परिषद रसड़ा के वर्तमान चेयरमैन विनयशंकर जायसवाल द्वारा हम लोगों को स्थायी दुकानों का निर्माण कराकर रोजगार उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया गया है।

## मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम-एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश

### मोहर्रम जुलूस में अस्त्र-शस्त्र पर रोक, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

बलिया,15जून,(देवव्रत संवाद)। आगामी 26 जून को मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि ताजिया की ऊंचाई पूर्व वर्षों की अपेक्षा कम रखी जाए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां ताजिया का निर्माण हो रहा है, उन स्थलों का पूर्व में निरीक्षण कर लिया जाए तथा ताजिया जुलूस निकालने के संबंध में आयोजकों से लिखित अनुमति एवं विवरण प्राप्त कर लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ताजिया जुलूस में कोई भी व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जुलूस मार्गों पर लटके हुए तथा जर्जर विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। बैठक के दौरान रामपुर



उदयभान वार्ड संख्या-13 में विद्युत पोल के समीप तार होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही सिया मस्जिद एवं रेलवे स्टेशन रोड के आसपास लटके जर्जर तारों को भी शीघ्र ठीक कराने को कहा। नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया कि शहर में ताजिया जुलूस के प्रस्तावित मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य तत्काल कराया जाए, जिससे जुलूस के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मोहर्रम से पूर्व शांति समिति की बैठकें आयोजित करने तथा स्थानीय लोगों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि मोहर्रम जुलूस को लेकर किसी भी प्रकार का विवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी माहौल खराब करने या कानून- व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास किया गया तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएंगी। बैठक में सीडीओ ओजस्वी राज, एडीएम अनिल कुमार, एसडीएम सदर, सभी एसओ एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डिजिटल शिक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है-डीएम

## किसानों को दी आधुनिक कृषि एवं वित्तीय योजनाओं की जानकारी

**आजमगढ़, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से सोमवार को कृषि विकास और शिक्षा को समर्पित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। होटल रघुकुल ग्रैंड में आयोजित स्मार्ट एग्री कस्टमर मीट का शुभारंभ जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने किया, जबकि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रैदोपुर में एसबीआई के सहयोग से स्थापित स्मार्ट क्लास का लोकार्पण भी किया गया। स्मार्ट क्लास का उद्घाटन जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार एवं एसबीआई के महाप्रबंधक (नेटवर्क–3) कौशलेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक प्रशासनिक कार्यालय वाराणसी आनंद कुमार तथा क्षेत्रीय प्रबंधक आजमगढ़ अजीत कुमार तिवारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि डिजिटल शिक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है। स्मार्ट क्लास जैसी पहल ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में एसबीआई के योगदान की सराहना की। महाप्रबंधक कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण संसाधनों से जोड़कर उनके भविष्य को नई दिशा प्रदान करेगी। इसके बाद होटल रघुकुल ग्रैंड में आयोजित स्मार्ट एग्री कस्टमर मीट में जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 60 प्रगतिशील किसानों, कृषि उद्यमियों और बैंक के प्रमुख कृषि ग्राहकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीकों, कृषि वित्तपोषण तथा कृषि आधारित उद्यमों की जानकारी किसानों तक पहुंचाना था। सहायक महाप्रबंधक कृषि व्यवसाय एवं जीएसएस, स्थानीय प्रधान कार्यालय लखनऊ अशोक कुमार सिंह ने कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ), कृषि प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन आधारित उद्यमों की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार तिवारी ने किसानों से बैंक की विभिन्न कृषि योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उप महाप्रबंधक आनंद कुमार ने कृषि एवं ग्रामीण विकास के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक एवं शाखा प्रबंधक विशाल दत्त ने किसान क्रेडिट कार्ड, एग्री गोल्ड लोन, एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड, डेयरी, पशुपालन, बागवानी, कृषि प्रसंस्करण इकाइयों तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक अजीत कुमार, राजीव पाण्डेय, शिव नाथ सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। किसानों, कृषि उद्यमियों, शिक्षकों और छात्राओं ने एसबीआई की इस पहल को कृषि एवं शिक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।



# ड्यूटी में लापरवाही पर मुख्य आरक्षी निलंबित, विभागीय जांच के आदेश

**आजमगढ़, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** पुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने एक मुख्य आरक्षी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। ड्यूटी के दौरान गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता पाए जाने पर मुख्य आरक्षी को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य आरक्षी संजू कुमार वर्तमान में जनपदीय सुरक्षा, कमिश्नरेट वाराणसी में ड्यूटी पर तैनात थे। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वह ड्यूटी अवधि में अपने निर्धारित तैनाती स्थल से अनुपस्थित पाए गए तथा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की दंड एवं अपील नियमावली–1991 के तहत विभागीय जांच संस्थित कराते हुए मुख्य आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि जनपद के सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ करें। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा गैर–जिम्मेदाराना आचरण पाए जाने पर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून–व्यवस्था, जनसुरक्षा और अनुशासित पुलिसिंग के प्रति विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा कर्तव्य निर्वहन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




# शटर तोड़ घर में घुसे चोर, जेवरात से भरे तीन बक्से और सूटकेस लेकर फरार

## गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मंगरावा रायपुर गांव का मामला

**गंभीरपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मंगरावा रायपुर गांव में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात चोरी कर लिए। चोर घर के पीछे लगे शटर को तोड़कर अंदर दाखिल हुए और महिलाओं के सोने–चांदी के आभूषणों से भरे तीन बक्से तथा एक सूटकेस लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार मंगरावा रायपुर निवासी अभिषेक पुत्र रामबली के घर में रविवार देर रात चोर शटर के रास्ते घुस आए। चोरों ने पहले दो कमरों में सो रही महिलाओं के कमरों का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया, ताकि कोई जागकर उनका विरोध न कर सके। इसके बाद वे दूसरे कमरे में पहुंचे और वहां रखे तीन बक्से तथा एक सूटकेस उठा ले गए, जिनमें महिलाओं के सोने–चांदी के आभूषण रखे थे। सोमवार सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो घटना की जानकारी हुई। सामान गायब देख परिजनों के होश उड़ गए। इसके बाद तत्काल गंभीरपुर पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू कर दी। पीड़ित अभिषेक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ गंभीरपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष गंभीरपुर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।



# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौत, तीन की हालत गंभीर

**फूलपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के चमराडीह गांव स्थित निजामाबाद–फूलपुर मार्ग पर रविवार रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य युवक को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार चमराडीह गांव निवासी रमेश कुमार (35) पुत्र फूलचंद और राकेश कुमार पुत्र झूरी एक बाइक से, जबकि सरावां अंबारी गांव निवासी आकाश, अरुण और राज दूसरी बाइक से किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रात करीब 9.30 बजे देसी शराब ठेके के पास दोनों बाइकों की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की सहायता से सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने रमेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल राकेश, आकाश और अरुण की हालत चिंताजनक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामूली रूप से घायल राज का उपचार कर उसे घर भेज दिया गया। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह के निर्देश पर उपनिरीक्षक कलामुद्दीन पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है, जबकि घायल युवकों के परिजन उनके उपचार में जुटे हुए हैं।



# योग सप्ताह का शुभारंभ, जनपद भर में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**आजमगढ़, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को जनपद में योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। महर्षि चंद्रमा ऋषि आश्रम, सिलनी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अधिकारियों, चिकित्सकों और नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग द्वारा स्वस्थ तरीके से उम्र बढ़ाना' निर्धारित की गई है। मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना एवं जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। योग प्रशिक्षक लालचंद यादव ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है। उन्होंने लोगों से नियमित योग अपनाने की अपील करते हुए कहा कि योग से निरोगी काया, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है, जिससे स्वस्थ एवं समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने ष्योग अपनाएं–स्वस्थ रहें, सशक्त रहेंष का संदेश जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न तिथियों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 16 जून को विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में योगासन, पोस्टर, निबंध, भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 21 हजार रुपये तक के पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। 17 जून को 'आयुष ग्राम योग दिवस' के तहत ग्राम पंचायतों में योग सत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे। 18 जून को दिव्यांगजन, वंचित वर्ग, कैदियों, अनाथालयों और झुग्गी बस्तियों में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 19 जून को सरकारी एवं कॉर्पोरेट कार्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास होगा, जबकि 20 जून को महिलाओं के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए विशेष योग कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महर्षि चंद्रमा ऋषि आश्रम, सिलनी में जनपदीय स्तर पर विशाल सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार यादव, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. श्याम सुंदर नीरज, डॉ. समीर कुमार गुप्ता, डॉ. विनोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनपद की सभी तहसीलों, विकास खंडों और ग्राम पंचायतों में भी योग सप्ताह के शुभारंभ पर योग प्रतिज्ञा दिलाई गई तथा सामूहिक योगाभ्यास कराया गया।



# भारद ने लिया गरीबों को मुफ्त कानूनी सहायता दिलाने का संकल्प




**आजमगढ़, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** गरीबों, मजलूमों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मामलों में निःशुल्क न्यायिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गठित भारत रक्षा दल के विधि मंच के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को कटरा स्थित संगठन कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवमनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों के प्रति निष्ठा की शपथ ली। भारत रक्षा दल के अध्यक्ष हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव ने कहा कि विधि मंच के गठन से समाज के गरीब, असहाय और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंच भ्रष्टाचार और कुव्यवस्था के खिलाफ प्रभावी आवाज उठाने का कार्य करेगा। साथ ही भविष्य में तहसील स्तर तक मंच का विस्तार कर अधिक से अधिक अधिवक्ताओं को जोड़ा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन में जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव की कोई जगह नहीं है। विधि मंच के संरक्षक के रूप में चयनित वरिष्ठ अधिवक्ता किलेंद्र उपाध्याय ने कहा कि भारत रक्षा दल परिवार का हिस्सा बनना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में विनायक एडवोकेट को जिलाध्यक्ष, मनीष श्रीवास्तव एडवोकेट को मंडल अध्यक्ष, गोपाल प्रसाद एडवोकेट एवं शफीउद्दीन उर्फ मशाल एडवोकेट को उपाध्यक्ष, प्रद्युम्न शुक्ल एडवोकेट को मंडल सचिव तथा रोहित सिंह एडवोकेट को जिला सचिव पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विधि मंच के जिलाध्यक्ष विनायक एडवोकेट, राजेंद्र द्विवेदी, विनोद सिंह एडवोकेट, विवेकानंद एडवोकेट सहित अनेक अधिवक्ता एवं संगठन के नगर और जिला इकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया।

# हत्या की कोशिश में तीन युवक गिरफ्तार

**पवई, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** पवई थाना क्षेत्र में एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने युवक को इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया। उसे मृत समझकर पहचान छिपाने के उद्देश्य से उसके कपड़े उतारकर घटनास्थल पर छोड़ दिया और कपड़ों को रास्ते में फेंक दिया। पुलिस के अनुसार चौकिया गांव निवासी सुशीला देवी ने 8 जून को थाना पवई में तहरीर देकर बताया था कि उनका पुत्र 7 जून की रात करीब आठ बजे घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन सुबह वह गांव के बाहर ट्यूबवेल के पास खड़ंजा मार्ग किनारे अचेत अवस्था में मिला। उसके सिर, चेहरे और गले पर गंभीर चोटों के निशान थे। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटना में शामिल तीन युवकों की पहचान की। सोमवार सुबह निरीक्षक अपराध शम्भूनाथ यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बागबहार पुलिया के पास से हर्ष सिंह निवासी लारपुर गौहर थाना पवई, ओम सिंह निवासी अर्गूपुर कला थाना शाहगंज जनपद जौनपुर तथा सक्षम सिंह निवासी छबवा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना की रात वे मोटरसाइकिल से जा रहे थे। चौकिया गांव के पास एक युवक नशे की हालत में सड़क के बीच खड़ा था। हॉर्न बजाने के बावजूद रास्ते से न हटने पर विवाद हो गया। इसके बाद तीनों ने मिलकर युवक की लात–घूंसों, जूतों और चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी।

मारपीट के बाद युवक बेहोश हो गया, जिसे आरोपियों ने मृत समझ लिया। पहचान छिपाने के लिए उसके कपड़े उतारकर अपने साथ ले गए और बाद में रास्ते में फेंक दिए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना से संबंधित पैंट, जूते, बेल्ट सहित अन्य सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक समेत दो गंभीर घायल, हायर सेंटर रेफर

**लालगंज, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** लालगंज क्षेत्र में सोमवार भोर राष्ट्रीय राजमार्ग–233 पर हुए सड़क हादसे में ऑटो चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार वाराणसी से मेंहनगर थाना क्षेत्र के धन्नीपुर गांव जा रहा एक ऑटो बेसों नदी पुल के पास पहुंचा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायलों की पहचान ऑटो चालक आशीष चौहान (24) निवासी पंचकोसी, सारनाथ (वाराणसी) तथा राजेश गुप्ता (45) निवासी धन्नीपुर, थाना मेंहनगर के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ऑटो को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। देवगांव पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना का प्रमुख कारण माना जा रहा है।



# रक्तदान को जनआंदोलन बनाने में जुटे जाकिर हुसैन

## अब तक 825 मरीजों को मिला मुफ्त रक्त

**फूलपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे अल–फलाहा फाउंडेशन ब्लड डोनेशन ग्रुप के संस्थापक जाकिर हुसैन और उनकी टीम का अभियान लगातार विस्तार पा रहा है। संगठन की पहल से अब तक सैकड़ों मरीजों को हजारों यूनिट रक्त निःशुल्क उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली है। जाकिर हुसैन ने कहा कि उनका उद्देश्य रक्तदान को एक जनआंदोलन का रूप देना है, ताकि किसी भी व्यक्ति की मौत केवल रक्त की कमी के कारण न हो। उन्होंने कहा, ष्हम समाज में बदलाव चाहते हैं। हम रक्तदान को आम बनाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि खून की कमी की वजह से किसी इंसान को अपनी जान न गंवानी पड़े। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को स्वार्थ से ऊपर उठकर मानवता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। जरूरत के समय रक्तदान किसी के जीवन को बचाने का सबसे बड़ा माध्यम बन सकता है। हालांकि जागरूकता बढ़ने के बावजूद अभी भी कई लोग जरूरत पड़ने पर रक्तदान करने से हिचकिचाते हैं। ऐसे में समाज के हर वर्ग को इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभानी चाहिए।

संगठन के अनुसार अल–फलाहा फाउंडेशन के माध्यम से अब तक 825 मरीजों को पूरी तरह निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है। संस्था से जुड़े स्वयंसेवकों का कहना है कि उनका लक्ष्य ऐसा समाज बनाना है, जहां किसी मरीज को रक्त के लिए भटकना न पड़े और आर्थिक तंगी इलाज में बाधा न बने। जाकिर हुसैन ने 28 सितंबर 2019 को दिल्ली में रहते हुए इस निःशुल्क रक्तदान अभियान की शुरुआत की थी। आज उनके संगठन से देशभर के हजारों स्वयंसेवक जुड़े हुए हैं और जरूरतमंद मरीजों की सहायता में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि जाकिर हुसैन का यह प्रयास युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वह अपना समय, संसाधन और ऊर्जा मानवता की सेवा में समर्पित कर लोगों के बीच सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश दे रहे हैं।



# मुहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक ताजियादारों को दिए गए आवश्यक निर्देश

**फूलपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को फूलपुर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने ताजियादारों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों से सहयोग की अपील करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अशोक कुमार ने की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी किरण पाल सिंह, थाना प्रभारी, ताजियादार तथा विभिन्न गांवों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में चमावा, चमरडीह, मेजवा, बहाउद्दीन पुर सहित फूलपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने भाग लिया। क्षेत्राधिकारी किरण पाल सिंह ने कहा कि मुहर्रम के दौरान ताजिए पूर्व वर्षों की भांति परंपरागत लंबाई, चौड़ाई एवं निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएंगे। किसी भी प्रकार के नए मार्ग अथवा परंपरा में बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी आयोजक प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने ताजिया समितियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक समिति 8 से 10 जिम्मेदार व्यक्तियों को नामित करे, जो जुलूस के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करेंगे। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा किसी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस व प्रशासन को सूचना देने की अपील की।



# निजामाबाद को फल पट्टी घोषित करने की मांग तेज

## सुविधाओं के अभाव में बाग काटने को मजबूर किसान

**तहबरपुर, 15 जून (देवव्रत संवाद)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र को 'फल पट्टी' घोषित किए जाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। कांग्रेस नेता राम गनेश प्रजापति ने क्षेत्र के बड़ागांव पहुंचकर आम उत्पादक किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। किसानों ने बताया कि सरकारी सुविधाओं के अभाव में वे आम के बागों को काटने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इस वर्ष आम की पैदावार भी अपेक्षा से कम हुई है, जिससे उनकी चिंताएं और बढ़ गई हैं।

किसानों का कहना है कि क्षेत्र में कृषि विभाग से संबंधित दवाओं की कोई सरकारी दुकान नहीं है। साथ ही कृषि विभाग की ओर से किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने और जागरूक करने के लिए नियमित शिविर भी आयोजित नहीं किए जाते। आम के भंडारण के लिए कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था न होने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

निजामाबाद क्षेत्र के परसहां, बड़हरिया, नेवादा, बड़ागांव, फरिहा, खुदादादपुर, बनगांव, सिहिपुर, मोईयां, मदारडांड, संजरपुर, दाउदपुर, बीबीपुर, कोठियां और मिर्जापुर समेत दर्जनों गांवों में सैकड़ों वर्ष पुराने आम के बाग स्थित हैं। यहां दशहरी, लंगड़ा, चौसा, बांबे लंगड़ा, काला बादल, फजली, कृष्णभोग, शुक्ला और स्वर्णरिखा जैसी अनेक कलमी एवं दुर्लभ देशी प्रजातियों के आम पाए जाते हैं।

आम उत्पादन की दृष्टि से समृद्ध होने के कारण यह क्षेत्र 'मिनी मलिहाबाद' के नाम से भी जाना जाता है। किसानों का कहना है कि वे लंबे समय से क्षेत्र को फल पट्टी घोषित किए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांग पर कोई ठोस पहल नहीं हुई है। कांग्रेस नेता राम गनेश प्रजापति ने सरकार से मांग की कि आम उत्पादक किसानों को आवश्यक संसाधन, तकनीकी सहायता, कोल्ड स्टोरेज और कृषि संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र को फल पट्टी घोषित कर विशेष योजनाएं लागू की जाती हैं तो किसानों की आय में वृद्धि होगी और पूरे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

